जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

उदयपुर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर, मंगलवार 13 फरवरी, 2024




**महा बचत**

| ALTO K10 | S-PRESSO | SWIFT | WAGONR | CELERIO |
|---|---|---|---|---|
| ₹59 000* | ₹59 000* | ₹39 000* | ₹59 000* | ₹59 000* |

Scan to know more. SMART FINANCE AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION ▸ Pre-approved loans ▸ Multiple financiers ▸ Custom generated loans ▸ Loan status tracking

SCAN THE QR CODE TO SELL YOUR CAR NOW.

SCAN TO CHAT WITH US

ALTO K10 S-PRESSO SWIFT WAGONR CELERIO

E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership

**MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: 9015900500. BALESAR: 9015900500. AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500 BAORI 9015900500. BORUNDA 9015900500. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: 9928841300, 9116150669, 9929244402. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** 02972-222917-18, 7665010638. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. **AURIC MOTORS:** 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **AJMER: RELAN MOTORS**: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: 9314531845/9024967833/9887312019/8302176266. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029/8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727. **SANGA AUTONATION:** 9057809150, 7734901000. **ALWAR: MG MOTORS:** 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: 8955664400. **BHILWARA: CHAMPION CARS**: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: 0294-2494454, 7230046380. SHOBHAGPURA: 9829043600. **TECHNOY MOTORS:** GOVARDHAN VILLAS: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: 9001997116, 9001997113, 9587898054. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: 9116178527. BHAWANIMANDI: 9116178557. KHANPUR: 07430-299240, 8306333715. **CHURU: TRS CHURU:** 8882899302.

*Applicable Terms and conditions available at Maruti Suzuki Arena authorized dealer. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. It is inclusive of Consumer offer, Exchange Offer, Corporate/Rural Offer (wherever applicable). All offers are valid till 29th February 2024 or till stocks last. Offers applicable on selected models/variants and selected cities. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purpose only. ^All loans and schemes are at the sole discretion of the Finance Partner.

## विचार बिन्दु

**मानव नक़ल करने वाला प्राणी है और जो सबसे आगे रहता है वो नेतृत्व करता है। –शिलर**

# अनुसूचित जाति का उपवर्गीकरण –उचित या अनुचित?

उच्चतम न्यायालय की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने एक महत्वपूर्ण विषय पर हाल ही में सुनवाई पूरी की है। यह प्रकरण संविधान के अनुच्छेद 341 और 342 में अनुसूचित/जनजातियों की सूची को आरक्षण के लिए विभाजित करने से संबंधित है। क्या आरक्षण हेतु किसी प्रकार का उपवर्गीकरण किया जा सकता है या नहीं?

इसकी पृष्ठभूमि इस प्रकार है। पंजाब सरकार ने 1975 में एक आदेश के द्वारा अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित पदों में से वाल्मीकि और मजहबी सिखों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण कर दिया। यह आरक्षण 31 सालों तक चलता रहा। 2004 में आंध्र प्रदेश के ई.वी. चेन्नईया वाले मामले में उच्चतम न्यायालय ने उप वर्गीकृत करने के निर्णय को असंवैधानिक घोषित कर दिया। इसी आधार पर पंजाब उच्च न्यायालय ने भी 2010 में पंजाब सरकार के निर्णय को भी निरस्त कर दिया। पंजाब सरकार ने 2010 में दूसरा आदेश जारी करते हुए पुनः अनुसूचित जाति का विभाजन करते हुए एक आदेश जारी किया। इसे भी पंजाब उच्च न्यायालय ने असंवैधानिक करार दिया। इसके विरुद्ध पंजाब सरकार उच्चतम न्यायालय में गई। इसकी सुनवाई सात सदस्यीय संवैधानिक पीठ द्वारा की गई। पंजाब सरकार का मुख्य तर्क है कि आरक्षण देने का अधिकार राज्य सरकारों को अनुच्छेद 15 और 16 में दिया गया है। जब शैक्षिक और सामाजिक रूप से वर्गों के लिए वर्गीकृत करने का अधिकार राज्य सरकारों के पास है।

पुनरीक्षण की संभावना पर माननीय उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा विचार किया जा रहा है। यदि इसका निर्णय उप वर्गीकरण के पक्ष में होता है तो यह ऐतिहासिक बदलाव होगा जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। इससे अनुसूचित जाति और जनजाति का पूरा आरक्षण कुछ ही विशेष जातियों तक सीमित होकर नहीं रह जाएगा। उदाहरणार्थ, राजस्थान में अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षण का अधिकांश लाभ, राजस्थान के कुछ जिलों में निवास करने वाले एक ही जनजाति के लोगों द्वारा लिया जाता है। राजस्थान के अन्य भागों में रहने वाली अन्य जनजातियां एवं पूर्वोत्तर भारत की बहुत सी जनजातियां इनका लाभ लेने से वंचित ही रही हैं। बारां जिले के सहरिया, सिरोही जिले के गरासिया या डूंगरपुर, बांसवाड़ा जिलों के भील-मीणा में से शायद ही कोई व्यक्ति किसी अखिल भारतीय सेवा में सीधे चयनित हुआ होगा। इसके विपरीत उत्तर पूर्वी जिलों के निवासी एक ही जाति के अत्याधिक सदस्य, विभिन्न अखिल भारतीय सेवाओं में बड़ी संख्या में प्रतिवर्ष चयनित होते रहे हैं। कई परिवारों में तो अनेक सदस्य आई ए ए स / आई पी ए स बनने में सफल हुए हैं। आज बड़ी संख्या में ये लोग राजस्थान ही नहीं, भारत के अनेक जिलों में उच्च प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के पदों पर पद स्थापित हैं।

भेदभाव, छुआछूत और पिछड़े पन के कारण कई जातियों को राज्यवार चिन्हित किया गया और उन्हें अनुसूचित जाति/जाति के नाम से जाना गया। इनका प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 341 और 342 में किया गया। इनके लिए संविधान के अनुच्छेद 16 के अंतर्गत सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था की गई। इस आरक्षण के बावजूद आरक्षित वर्ग की कुछ जातियां 75 वर्ष बाद भी आरक्षण का नगण्य लाभ ले पाई हैं जबकि कुछ अन्य जातियां आरक्षण का पूरा लाभ लेने में सफल रही हैं। ऐसी ही स्थिति अनुसूचित जन जातियों के संबंध में भी है जहां अनेक जनजातियों में से कुछ ने ही आरक्षण का अधिकांश लाभ लिया है। न केवल नौकरियों में अपितु राजनीति में भी कुछ जातियों का अधिक प्रभाव हो गया है।

विषय संवेदनशील और महत्वपूर्ण है। इसलिए इसे समझना आवश्यक है । माननीय सर्वोच्च इसकी सुनवाई हो रही है । इसमें अन्य कई संगठन और व्यक्ति भी शामिल हो गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में पूरी दोनों पक्षों की पूरी बहस सुन ली है और अपना निर्णय सुरक्षित रखा है। संभावना है कि शीघ्र ही इस बारे में निर्णय सुनाया जाएगा।

कुछ बिंदुओं का विश्लेषण पाठकों के लिए करना आवश्यक है ताकि वह विषय को भली-भांति समझ सकें। उप वर्गीकरण का विरोध करने वाले पक्ष का मुख्य तर्क यह था कि संविधान सभा ने पूरे विचार विमर्श और गहरे अध्ययन के पश्चात ही सामाजिक भेदभाव और पिछड़ेपन के आधार पर प्रत्येक राज्य के लिए अनुसूचित जातियों की लिस्ट बनाई और उन्हें एक वर्ग 'अनुसूचित जाति' कहा गया। इसी प्रकार जनजातियों की भी पूरी सूची बनाई गई और उसे नाम दिया गया 'अनुसूचित जनजाति' का। संबंधित वकीलों का कहना था कि जब सारी जातियों को एक ही वर्ग अर्थात अनु सूचित जाति के रूप में संविधान के अनुच्छेद 341 के अनुसार बना लिया गया है तो उन सभी के साथ एक ही प्रकार का व्यवहार संविधान के अंतर्गत हो सकता है। इनमें से कुछ को अलग से आरक्षण देना संविधान की अवहेलना होगा। उनके अनुसार अनुसूचित जाति का एक नया वर्ग बना दिया गया है जिसको उप विभाजित करने का कोई अधिकार राज्य स्तर पर नहीं दिया जा सकता है। यही सिद्धांत अनुसूचित जनजाति पर भी लागू होगा। इसके लिए पूरी प्रक्रिया निर्धारित की गई है। राज्य सरकारों से विचार विमर्श के बाद ही प्रस्ताव भारत सरकार के पास आएगा और भारत सरकार उसका विश्लेषण करने के बाद संसद द्वारा अनुसूची में किसी जाति को जोड़ा या हटाया जा सकेगा। वह लागू तब होगी जब राष्ट्रपति उसका अनुमोदन कर दें।

**बहस के दौरान न्यायमूर्ति पी जी गवाई ने बहुत तीखे प्रश्न पूछे कि सभी अनुसूचित जातियां एक समान नहीं हैं और इनमें से कुछ जातियां आपस में भी छुआछूत अपनाती हैं। कुछ जातियां तो ऐसी हैं जिन्हें पिछले 75 वर्षों में आरक्षण का कोई लाभ नहीं मिला है। अतः आरक्षण हेतु यदि कोई विशेष लाभ उनको नहीं दिया गया तो फिर आने वाले लंबे समय तक बराबरी सम्भव नहीं होगी।**

बहस के दौरान न्यायमूर्ति पी जी गवाई ने बहुत तीखे प्रश्न पूछे कि सभी अनुसूचित जातियां एक समान नहीं हैं और इनमें से कुछ जातियां आपस में भी छुआछूत अपनाती हैं। कुछ जातियां तो ऐसी हैं जिन्हें पिछले 75 वर्षों में आरक्षण का कोई लाभ नहीं मिला है। अतः आरक्षण हेतु यदि कोई विशेष लाभ उनको नहीं दिया गया तो फिर आने वाले लंबे समय तक बराबरी सम्भव नहीं होगी। अनुसूचित जातियों में भी इतना भेदभाव हो जाएगा कि कुछ जातियां इसका लाभ लेने से पूरी तरह वंचित रहेंगी । उन्होंने उदाहरण देते हुए पूछा कि यदि कुछ अनुसूचित जातियों के व्यक्ति आई ए एस में आ गए हैं तो उनके बच्चों को आरक्षण का लाभ क्यों मिलना चाहिए? यह भी कहा कि कुछ जातियां ऐसी हैं जिन्होंने 75 वर्षों में भरपूर लगभग पूरा लाभ इस आरक्षण का उठाया है । अतः यदि बराबरी लानी है तो क्यों न कुछ जातियों के लिए विशेष आरक्षण की व्यवस्था, आरक्षण में से कर दी जाए?

उप वर्गीकरण का समर्थन करने वाले पक्ष का यह भी तर्क था कि जब अन्य पिछड़ा वर्ग में आर्थिक आधार पर 'क्रीमी लेयर' मानकर उनको को आरक्षण से वंचित किया जा सकता है तो फिर पिछड़ेपन के आधार पर अनुसूचित जाति और जनजाति में कुछ जातियों को इसका विशेष लाभ अधिक क्यों नहीं दिया जा सकता? माननीय उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीशों ने बहस के दौरान यह जानना चाहा कि यदि कुछ जातियों को आरक्षण के अंदर आरक्षण दे दिया जाता है तो क्या इससे बराबरी का लक्ष्य अधिक सुगमता से प्राप्त नहीं किया जा सकेगा? इस हेतु आधार निर्धारित करने का काम राज्य सरकारों द्वारा किया जाएगा। वैसे भी राज्य सरकारों को अधिकार है कि आरक्षण के संबंध में निर्णय ले सके। यदि अनुसूचित जाति में से किसी को विशेष आरक्षण दिया जाता है तो यह संविधान की पूरी संरचना के विपरीत किस प्रकार माना जाएगा? पंजाब सरकार के वकील ने भी अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित पदों में में से मजहबी और वाल्मीकि जातियों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण करने को सही बताते हुए उसकी पैरवी की और यह बताता कि कैसे अब तक इन दो जातियों के लोग अन्य सभी अनुसूचित जातियों से कहीं अधिक पिछड़े हुए हैं और कहीं अधिक भेदभाव का शिकार हैं। पंजाब सरकार के वकील ने पुरजोर तरीके से यह तर्क दिया कि बराबरी स्थापित करने के ही सिद्धांत पर अनुसूचित जातियों में से कुछ जातियां जो विशेष रूप से भेदभाव का लगातार शिकार रही हैं, उन्हें विशेष संरक्षण देने की आवश्यकता है ।


एक और जहां अत्यधिक भेदभाव और पिछड़ेपन के कारण अनुसूचित जातियों में से कुछ को विशेष आरक्षण देने की आवश्यकता है, वहीं उप वर्गीकरण करने के कुछ खतरे भी हैं। यदि कुछ जातियों को कम प्रतिनिधित्व के कारण और अत्यधिक वंचित होने के कारण आरक्षण में से विशेष आरक्षण के लिए उप वर्गीकृत कर दिया तो फिर धीरे-धीरे अन्य अनुसूचित जातियां भी जो अपेक्षाकृत कम लाभ आरक्षण का ले पाई हैं, वे भी इसी प्रकार का आंदोलन करेंगे और तब राज्य सरकार के लिए उनको इंकार करना कठिन होगा। वैसे भी, अनुसूचित जाति में आने वाली सभी जातियां बराबरी की स्थिति में कभी नहीं होंगी एवं यही स्थिति कमोबेश अनुसूचित जनजातियों में भी होगी।

इस सिलसिले का अंत किस प्रकार होगा, यह कहना कठिन है। एक समय ऐसा भी आ जाएगा जब प्रत्येक जाति अपनी संख्या के आधार पर राजकीय सेवाओं में प्रतिनिधित्व की अथवा आरक्षण की मांग करने लगेगी। ऐसा करना सेवा की गुणवत्ता को प्रभावित करेगा। एक विकल्प यह हो सकता है कि अनुसूचित जातियों में से जिन जातियां का, सालों तक आरक्षण का अधिक लाभ लेने के कारण, प्रतिनिधित्व एक स्तर से ऊपर पहुंच जाए, उन्हें अनुसूची से हटा दिया जाए अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग की तरह ही अनु सूचित जाति और जनजाति में भी क्रीमी लेयर की अवधारणा को लाया जाए। ऐसा करने से अनुसूचित जाति और जनजातियों की वर्तमान सूची में से सबको आरक्षण मिलने के बावजूद भी वे लोग इसका लाभ लेने के पात्र नहीं रहेंगे जो एक विशेष सामाजिक एवं आर्थिक स्तर से ऊपर निकल जाएं। इससे आरक्षण का लाभ इन्हीं वर्गों के अधिकाधिक निर्धन परिवारो तक पहुंचेगा और इन वर्गों में बराबरी लाने की दिशा में कुछ कदम बढ़ाए जा सकेंगे।

अब सब की निगाहें सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर टिकी हैं। जो भी उच्चतम न्यायालय का निर्णय होगा,वह भविष्य की दिशा निर्धारित करेगा और उसके द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर जो कदम उठाए जाएंगे उनसे अनुसूचित जाति एवं जनजाति में बहुत पीछे रह गई जातियों को बराबरी पर आने का मार्ग प्रशस्त हो पाएगा। बहस के दौरान माननीय न्यायाधीशों की मौखिक टिप्पणियों से तो ऐसा लगता है कि अनुसूचित जाति और जनजाति में उल्लेखित जातियों में से कुछ विशेष जातियों के लिए निर्धारित आरक्षण में ही आरक्षण कर दिया कर दिया जाएगा। इस प्रकार उप वर्गीकृत सूचियों को संभवतया मान्यता मिल जाएगी। सबको सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# ऋतुओं के राजा बसंत का पर्व बसंत पंचमी



डॉ. जे.के. गर्ग

ऋतुओं के राजा बसंत का पर्व बसंत पंचमी धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक बसंत पंचमी को ही विद्या एवं बुद्धि की देवी माता सरस्वती का जन्म हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसारऋतुराज बसंत के साथ धरती पर कामदेव और उनकी पत्नी देवी रति आते हैं और सभी में प्रेम और काम भावना जागृत करते हैं। ऐसा माना जाता है कि बसंत पंचमी के दिन कामदेव और देवी रति की पूजा करने से पति-पत्नी के प्यार में वृद्धि होती है और दोनों का रिश्ता मजबूत होता है। मान्यताओं के अनुसार कामदेव प्राणियों के अंदर प्रेम भावना जागृत करते हैं वहीं देवी रति श्रृंगार करने की इच्छा को बढ़ाती हैं। हिंदू धर्म शास्त्रों के मुताबिक, कामदेव के धनुष से निकला बाण सीधा दिल पर लगता है। इस बाण के लगने से दिल प्रेम की भावनासे भर जाता है। इसीलिये बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती के साथ-साथ भगवान श्रीहरि विष्णु, कामदेव और रति का पूजन भी होता है। बसंत पंचमी के दिन माँ सरस्वती की पूजा अर्चना करके उनसे जीवन में विद्या, बुद्धि, कलाएवं ज्ञान प्राप्त का वरदान मांगा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक सृष्टि के रचियता ब्रह्मा जी ने जीवो और मनुष्यों की रचना भी इसी दी को की थी ।

ब्रह्माजी सृष्टि की रचना करके जब उसे देखने लगे तो उन्हें प्रथ्वी पर चारों तरफ सुनसान निर्जन वातावरण दिखाई दिया जिससे प्रजापति खिन्न और उदास हो गये । ब्रह्माजी ने भगवान विष्णु जी की आज्ञा अनुसार अपने कमंडल से पृथ्वी पर जल छिडका, धरती पर गिरने वाले जल से वहां हर जगह पर कंपन होने लगता है और एक अद्भुत शक्ति के रूप में चतुर्भुजी स्त्री प्रकट हुयी, उस देवी के एक हाथ में वीणा और दूसरे हाथ में वर मुद्रा थी, बाकी अन्य हाथों में पुस्तक और माला थी । ब्रह्माजी ने उस स्त्री से वीणा बजाने का अनुरोध किया, देवी के वीणा बजाने के साथ ही संसार के सभी जीव-जंतुओ को वाणी प्राप्त को गयी। उसी क्षण ब्रम्हाजी ने उस स्त्री को सरस्वती कहा और सरस्वती को मधुर वाणी के साथ-साथ विद्या और बुद्धि भी प्रदान की। भगवान राम भी वसंत पंचमी के दिन शबरी के आश्रम पर आये एवं शबरी के झूटे बैर भी राम ने प्रेम पूर्वक खाये थे ।

किंवदंतीयो के मुताबिक सूफी संत चिश्ती निजामुद्दीन औलिया अपने जवान भतीजे की मृत्यु से अत्यंत दुखी हो गये थे। मशहूर शायर अमीर खुसरो ने वसंत पंचमी के दिन कुछ औरतों को पीले कपडे पहन कर पीले फूल ले जाते देखा तो खुद भी पीले कपडे पहन कर पीले फूल लेकर चिश्ती साहब के पास पहुँचे। उन्हें देख कर चिश्ती साहब के चेहरे पर हँसी आ गयी। तभी से दिल्ली में निजामुद्दीन औलिया की दरगाह और चिश्ती समूह की अन्य सभी दरगाहों पर वसंत उत्सव को मनाया जाने लगा। वैज्ञानिक और ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बसंत ऋतु शरद ऋतु के ठंड से शीतल हुई पृथ्वी की अग्नि ज्वाला, मनुष्य के अंतःकरण की अग्नि एवं सूर्य देव के अग्नि के संतुलन का यह काल होता है। बसंतऋतु ही वो समय है जहां प्रकृति पुरे दो महीने तक वातावरण को प्राकृतिक रूप से वातानुकूलित बनाकर संपूर्ण प्राणियों को स्वस्थ जीने का मार्ग प्रदान करती है। साहित्यकारों के लिए वसंत प्रकृति के सौन्दर्य और प्रणय के भावों की अभिव्यक्ति का अवसर है तो वीरों के लिए शौर्य के उत्कर्ष की प्रेरणा है।

मां शारदा का प्राचीनतम मंदिर पकिस्तान अधिकृ तकश्मीर में मुज़्ज़फ़राबाद के निकट पवित्र कृष्ण-गंगा नदी के तट पर स्थित है। पौराणिकमान्यता है कि स्वयं ब्रह्मा जी ने इस मंदिर का निर्माण कर मां शारदा को वहां स्थापित किया था इसीलिए उस मंदिर को ही मां शारदा का प्राकट्य स्थल माना जाता है। आदि गुरु शंकराचार्य ने इसी शारदा पीठ में मां शारदा के दर्शन किए थे। पंजाब और हरियाणा में बसंत पंचमी के दिन है। लोग सुबह जल्दी उठकर स्नान करके भगवान से आशीर्वाद लेने के लिये गुरुद्वारे या मंदिर जाते हैं । बड़े और बच्चे सभी पतंग उड़ाते हैं । लोक गीत गाते और नाच गाना करके आनन्द मनाते हैं । उत्तर प्रदेश और राजस्थान में देवी सरस्वती की पूजा की जाती तथा पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता हैं । राजस्थान में लोग चमेली की माला पहनते हैं । उत्तर प्रदेश में कई भक्त बसंत पंचमी पर भगवान कृष्ण की पूजा करते हुए केसर चावल चढ़ाते हैं। इस दिन पीले गेंदे से घर और प्रवेश द्वार सजाए जाते हैं । पश्चिम बंगाल के कई शहरों और बिहार में देवी सरस्वती की मनमोहक आकर्षक मूर्ति बनाकर विशाल पंडाल बना कर देवी मां की पूजा करने के लिए इकट्ठा होते हैं। देवी मां को मीठे पीले चावल और बूंदी के लड्डू चढ़ाते हैं। उत्तराखंड के लोग फूल, पत्ते और पलाश की लकड़ी चढ़ाकर देवी सरस्वती की पूजा करते हैं, पीले वस्त्र धारण करते हैं, माथे पर पीले रंग का तिलक लगाते हैं और पीले रुमाल का इस्तेमाल करते हैं । पतंग उड़ाते हैं और केसर हलवा खाते हैं । गोकुल और वृंदावन में भी बसंत उत्सव धूमधाम और नाच गाने के साथ मनाया जाता है। ब्रज भूमी में बसंत पंचमी को रास नृत्य हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। मान्यताओं के मुताबिक भगवान कृष्ण ने बसंत पंचमी को ही रास किया था । सनातनधर्मी लोगों के लिये बसंत पंचमी महत्वपूर्ण पर्व है। अन्नदाता किसानों के लिये भी यह एक प्रमुख पर्व है । सनातनधर्मी इस पर्व को संगीत, ज्ञान, कला, विद्या, वाणी और ज्ञान की देवी सरस्वती के समर्पण के दिन के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। बसंत पंचमी के दिनों में सरसों के खेत लहलहा उठते हैं इसीलिए लोग इस दिन पीले रंग के कपड़े पहनते हैं। सम्पूर्ण भारत में माघ शुक्ल पंचमी को वसंतपंचमी उत्सव मनाया जाता है। बसंत पंचमी के दिन से ही वसंत ऋतु प्रारंभ होती है । इसे श्रीपंचमी, ऋषि पंचमी, मदनोत्सव, वागीश्वरीजयंती और सरस्वती पूजा का उत्सव भी कहा जाता है। वसंत पंचमी के दिन ही होलिका दहन स्थान का पूजन किया जाता है और होली में जलाने के लिए लकड़ी और गोबर के कंडे आदि एकत्र करना शुरू कर देते हैं। इस दिन से होली तक 40 दिन फागगायन यानी होली के गीत गाए जाते हैं। प्रकृति की अनुकम्पा से हमारे भारत में ही नियमित रूप से छः ऋतुएँ हैं। योगीराज कृष्ण ने कहा था–'मैं ऋतुओं में वसंत ऋतु हूँ, मुझे वसंत ऋतु सबसे अधिक प्रिय है । इसीलिए इन छः ऋतुओं में वसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है। इसे ऋतुराज या मधुमास भी कहते हैं। वसंतपंचमी प्रकृति के अद्भुत सौन्दर्य, श्रृंगार और संगीत की मनमोहक ऋतुराज के आगमन की सन्देश वाहक है। वसंत पंचमी के दिन से शरद ऋतु की विदाई के साथ पेड़-पौधों और प्राणियों में नवजीवन का संचार होने लगता है। प्रकृति भी नवयौवना की भांति श्रृंगार करके इठलाने लगती है। पेड़ों पर नई कोपलें, रंग-बिरंगे फूलों से भरी क्यारियों से निकलती भीनी सुगंध, पक्षियों के कलरव और पुष्पों पर भंवरों की गुंजार से वातावरण में मादकता छाने लगती है। कोयल कूक-कूक के बावरी होने लगती हैं। बसंत का वर्णन मेरी स्वजन कविता अग्रवाल ने इस प्रकार किया है :– **उर्वी ने किया अनुपम श्रृंगार फैली हरीतिमा दिग दिगंत। पुष्पों से सजे तोरण द्वार कोयलिया गाए राग मल्हार। शिशिर का अब हुआ अंत देखो आए ऋतुराज बसंत। ओढ़ चुनरिया पीली पीली महक रही वो भीनी भीनी । खुशियाँ छाई चहुँ ओर अनंत देखो आए ऋतुराज बसंत। बसंत के अंदर श्रृंगार अपने यौवन पर पहुंच जाता है। इस वर्ष बसंत पंचमी का पर्व भारत में और संसार में जहां जहां सनातन धर्मी रहते हैं वहां 14 फरवरी 2024 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा ।**

**डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक**
**कॉलेज शिक्षा जयपुर।**

# सांभर में ए.डी.एम. कोर्ट खुलवाने के लिये चालीस साल से प्रयासरत है बार एसोसिएशन

■ **वर्ष 1982 में कैम्प कोर्ट के आदेश जारी हुये थे, लेकिन कई सालों से यह भी ठप**

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर उपखण्ड मुख्यालय पर अपर जिला कलेक्टर का कार्यालय खुलवाये जाने के लिये बार एसोसिएशन गत 40 साल से अकेले लगातार संघर्षरत है लेकिन सरकार पर राजनीतिक दबाव नहीं होने के कारण उनकी वाजिब मांग स्वीकार नहीं की जा रही है। वहीं दूदू ग्राम पंचायत जिसको निवर्तमान गहलोत सरकार जिला घोषित कर चुकी है से पहले ही एडीएम की सौगात देकर सांभर के साथ एक प्रकार से सौतेला ही व्यवहार किया है।

जानकारी अनुसार सांभर उपखण्ड के अधीन ही पहले दूदू, फागी तक क्षेत्राधिकार आता था लेकिन इनको पृथक उपखण्ड का दर्जा देने के बाद सांभर की प्रशासनिक सीमायें भी कम हो गयी, जो सौगात सबसे पहले सांभर की झोली में आनी चाहिये थी उसके हक को दरकिनार कर इसके वजूद को कम करने से यहां के क्षेत्रवासियों की भावनायें आहत है। सांभर बार एसोसिएशन की ही प्रबल मांग को ध्यान में रखते हुये वर्ष 1982 में सरकार ने सांभर में एडीएम का कैम्प कोर्ट लगाने के आदेश प्रसारित किये थे, दो तीन साल बाद बिना किसी आदेश के कैम्प कोर्ट लगना बंद हो गया, जिसकी वजह से तहसीसलदार व उपखण्ड अधिकारी न्यायालय से पारित होने वाले राजस्व सम्बन्धी मुकदमों की अपील करने के लिये क्षेत्र के सैंकडों पक्षकारों को जयपुर कलक्ट्रेट स्थित एडीएम कोर्ट में जाना पड़ता है, जिससे पक्षकारों व वकीलों के लिये भारी पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि सांभर से जयपुर अपील की तारीख होने के दौरान बार बार आने जाने से वकीलों को सांभर में चल रहे अन्य मुकदमों की पैरवी के लिये आगामी तारीख लेनी पड़ती है और जयपुर सुनवायी के लिये जाने से न तो पक्षकारों को समय पर न्याय मिल पा रहा है और न ही प्रभावी तरीके से अपीलों की सुनवायी का पर्याप्त समय में ही मिल पाता है। बताया जा रहा है कि इससे न्याय का हनन होता है और पक्षकार मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान होते रहते है। सरकार की ओर से दूदू को एडीएम कोर्ट की सौगात देने के बाद सांभर उपखण्ड के अधीन न्यायिक क्षेत्राधिकार की सुनवायी दूदू में किये जाने के आदेश से खफा होकर बार एसोसिएशन की तरफ से अधिवक्ता दीपेन्द्र सिंह शेखावत, सुरेश कुमार शर्मा, शेख शमीमुलहक, वीरेन्द्र सिंह शेखावत, लक्ष्मणसिंह खंगारोत, कोषाध्यक्ष लालचन्द कुमावत, दिव्यराज वीर गुर्जर, तेजपाल प्रजापत व शिष्टमण्डल में शामिल अन्य पदाधिकारियों ने तत्कालीन राजस्व मंत्री हरीश चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात कर समस्या को उजागर किया तब कहीं जाकर दूदू से न्यायिक क्षेत्राधिकार हटाकर वापस सांभर तो कर दिया गया लेकिन सांभर में पृथक से एडीएम कोर्ट स्वीकृत किये जाने के लिये साफ इंकार कर दिया।

जानकारी में आया है कि बार एसोसिएशन की ओर से सत्ता पक्ष से जुड़े कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व वर्तमान विधायक विद्याधर सिंह चौधरी ने भी राजस्व मंत्री चौधरी से अनुरोध किया था, लेकिन उन्हें भी निराशा ही हाथ लगी। खास बात यह भी है कि पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे सचिन पायलट को भी बार एसोसिएशन की तरफ से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हों भी इस आशय का ज्ञापन सौंपा गया था, कांग्रेस की सरकार ही चली गयी लेकिन यहां से भी परिणाम शिफर ही रहा। इस मामले में अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा व उपाध्यक्ष दिव्यराज वीर गुर्जर का कहना है कि बार एसोसिएशन की सबसे पुरानी मांग को स्वीकार नहीं करने से क्षेत्रवासिसों को प्रशासनिक व न्यायिक कार्य में त्वरित जो लाभ मिलना चाहिये था, वह नहीं मिल रहा है। पॉलिटिकल प्रेशर सांभर के हित के लिये पूरी तरह से शून्य है। हमारी मांग आज भी जारी है, लेकिन सरकार की मेहरबानी का इंतजार बना हुआ है।

# चंबल नदी का पानी जलकुम्भी से अटा, जलीय जीवों पर संकट

## नदी किनारे रहने वाले लोगों व जीवों के लिए परेशानी का सबब बन गई है जलकुम्भी

■ **राजस्थान में बहने वाली चंबल के लगभग पूरे क्षेत्र में पानी के बहाव के साथ फैलती जा रही है जलकुम्भी**

**बून्दी,** (निसं)। रामगढ़-विषधारी टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में बहने वाली सदानीरा चंबल नदी का पानी इन दिनों जलकुम्भी से अट गया है। बहते पानी के साथ यह विदेशी अवांछित जल वनस्पति जलीय जीवों के साथ-साथ नदी किनारे रहने वाले लोगों व जीवों के लिए भी परेशानी का सबब बन गई है।

चंबल की डाउन स्ट्रीम से इसकी शुरूआत होकर राजस्थान में बहने वाले चंबल के लगभग पूरे क्षेत्र में पानी के बहाव के साथ फैलती जा रही है। कोटा महानगर सहित अन्य गांव-कस्बों से नदी में मिलने वाले गंदे नाले इस वनस्पति के पोषक बन रहे हैं। जल गोभी, नील गोभी, उष्ण कटिबंधीय बत्तख, जल सलाद और जलकुंभी आदि नामों से पहचानी जाने वाली इस वनस्पति के कारण पानी में सूर्य की किरणें नहीं पहुंच पाती तथा पानी का ऑक्सीजन स्तर कम हो जाता है जिससे जलीय जीवों और मछलियों का दम घुटता है तथा कई बार उनकी मौत भी हो जाती है।



**जामुनियां द्वीप पर छाई जलकुम्भी परेशानी का सबब बन गई है।**

बूंदी जिले के प्राकृतिक जामुनियां द्वीप पर छाई वनस्पति से यहां रहने वाले मगरमच्छ भी हरे रंग में रंगे नजर आने लगे हैं। आसपास के ग्रामीणों ने नदी में स्नान करना बंद कर दिया है क्योंकि जलकुंभी के बीच नहाने से खुजली चलने लगती है। नदी में जलीय पक्षियों के स्वच्छंद विचरण व जलक्रीड़ा पर भी इस वनस्पति ने ग्रहण लगा दिया है। वन्यजीव संरक्षणकर्ताओं ने स्वच्छ बहते जल वाली चंबल नदी में जलकुंभी के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त की है।

पर्यावरणविद् नरेंद्र पाटिल ने चंबल में बढ़ती अवांछित वनस्पति को नदियों के स्वरूप पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाला बताते हुए इसके समाधान की कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता बताई। घड़ियाल संरक्षण से जुड़े हरिराम मीणा ने बताया कि इससे घड़ियालों के साथ कछुओं व अन्य जलीय जीव भी प्रभावित हो रहे हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### मंगलवार 13 फरवरी, 2024

माघ मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र दिन 12:25 तक, साध्य योग रात्रि 11:04 तक, विष्टि करण दिन 2:42 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-मीन, मंगल-मकर, बुध-मकर, गुरू-मेष, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 12:35 तक है। रवियोग दिन 12:35 तक बना रहेगा। आज भद्रा दिन 2:42 तक है। आज सूर्य कुम्भ में प्रवेश दिन 3:44 से प्रवेश करेगा। पूण्य काल प्रातः 9:20 से आरम्भ होगा। आज अंगारक विनायत चतुरथी, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:55 से 11:18 तक, लाभ-अमृत 11:18 से 2:04 तक, शुभ 3:27 से 4:50 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:09, सूर्यास्त 6:13

**मेष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**वृष**
आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जा सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 | वर्षः 31 | संख्याः 101 | प्रभात | उदयपुर, मंगलवार 13 फरवरी, 2024 | आर.जे. 7202 | पृष्ठ 8 | मूल्य 2.50 रु.

# लोकसभा चुनाव नहीं लडेंगी सोनिया गांधी?

## चर्चा है कि, वे राज्यसभा में जाने के विकल्प पर विचार कर रही हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 फरवरी। कांग्रेस पार्टी के अंदर इस खबर को लेकर भारी चिंता का माहौल है कि, सोनिया गाँधी उत्तर प्रदेश में अपनी रायबरेली सीट छोड़कर राज्यसभा चुनाव लड़ने के बारे में गंभीरता से विचार कर रही हैं।

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पहले ही समाप्त हो चुकी है और केवल रायबरेली सीट पर जीत की संभावना बनी हुई थी, जहाँ सोनिया गाँधी बहुत लोकप्रिय हैं और जनता उनका बहुत सम्मान करती है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कहते हैं कि, यदि सोनिया गाँधी राज्यसभा में चली गईं तो कांग्रेस के लिए यह मृत्यु घोष के

- **सूत्रों का कहना है कि, अगर सोनिया ने रायबरेली सीट छोड़ दी तो, आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से कांग्रेस को शून्य मिलेगा क्योंकि, यहां सिर्फ रायबरेली सीट ही कांग्रेस के पास है।**
- **उत्तर प्रदेश के कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि, रायबरेली में सोनिया की भारी लोकप्रियता है तथा जनता उन्हें बहुत मानती है।**
- **यही नहीं, अगर सोनिया राज्यसभा जाती हैं तो यह यू.पी. में कांग्रेस के ताबूत में आखिरी कील साबित हो सकता है। इससे यह मैसेज जाएगा कि, गांधी परिवार का प्रभाव खत्म हो रहा है।**

समान होगा।

सांकेतिक रूप से इसका अर्थ होगा कि, पार्टी ने लोकसभा के लिए सभी उम्मीदें छोड़ दी हैं। इसका मतलब हुआ कि, गाँधी परिवार के नेतृत्व वाली कांग्रेस पूरी तरह से पिट गई है और गाँधी परिवार के नेता चुनावी प्रभाव के साथ-साथ पार्टी के अंदर भी अपना प्रभाव खो चुके हैं।

तर्क यह दिया जा रहा है कि, यदि रायबरेली से सोनिया गाँधी चुनाव हार जाती हैं तो उन्हें अपना 10, जनपथ बंगला छोड़ना पड़ेगा।

क्या अब शक्तिशाली गाँधी परिवार की यह हालत हो गई है कि, उन्हें एक बंगले के कारण मुख्य एवं महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ रहे हैं।

राहुल और प्रियंका गाँधी से अधिक, सोनिया गाँधी ने एक नेता के रूप में जनता का सम्मान अर्जित किया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'उपमुख्यमंत्री भी अन्य मंत्रियों की तरह हैं'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि, "इससे संवैधानिक स्थिति का उल्लंघन

- **सुप्रीम कोर्ट ने उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की और कहा कि, यह सिर्फ लेबल है, इसका वेतन अन्य मंत्रियों जैसा ही होता है।**

नहीं होता है।"

सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता ने कहा कि, उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति का आधार केवल "धर्म व समाज के किसी खास वर्ग" को महत्व देना है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि उपमुख्यमंत्री

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मदन राठौड़ व चुन्नीलाल गरासिया को भाजपा ने राज्यसभा टिकट दिया

## भाजपा ने इस निर्णय से ओ.बी.सी. और आदिवासी वोट बैंक को साधने की कोशिश की है

जयपुर, 12 फरवरी (का.सं.)। राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने सोमवार रात राजस्थान से दो उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। मदन राठौड़ व चुन्नीलाल गरासिया को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाकर भाजपा ने प्रदेश के ओबीसी और आदिवासी वोटर्स को साधने की कोशिश की है। मदन राठौड़ पाली जिले के सुमेरपुर से आते हैं और गोडवाड़ का प्रमुख ओबीसी चेहरा है। वहीं, चुन्नीलाल गरासिया को उम्मीदवार बनाकर भाजपा ने आदिवासी मतदाताओं को साधने की कवायद की है। चुन्नीलाल गरासिया की आदिवासी मतदाताओं में अच्छी पकड़ है।

राजस्थान में तीन सीटों में से दो भाजपा और एक कांग्रेस के पास है। राज्यसभा की तीन सीटों में से संख्या

- **मदन राठौड़ पाली जिले की सुमेरपुर सीट से दो बार विधायक रहे हैं तथा गोडवाड़ के प्रमुख ओ.बी.सी. नेता हैं।**
- **चुन्नी लाल गरासिया की आदिवासी वोटों पर अच्छी पकड़ है।**
- **राजस्थान में राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव होंगे, इनमें से एक सीट कांग्रेस को मिलेगी और दो भाजपा के खाते में जाएंगी।**

बल के हिसाब से दो पर भाजपा और एक पर कांग्रेस की जीत तय है। इन सीटों पर भूपेंद्र यादव, किरोड़ीलाल मीणा और मनमोहन सिंह का कार्यकाल पूरा हो रहा है।

मदन राठौड़ पाली की सुमेरपुर विधानसभा सीट से दो बार विधायक रहे हैं। वे 2003 में पहली बार विधायक बने थे और 2013 में दूसरी बार विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे थे। वर्ष 2013 से 2018 तक वे सरकारी उप मुख्य सचेतक रहे थे। विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने टिकट नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तृणमूल के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा हिंसक आंदोलन में बदला

## राज्य की महिला मुख्यमंत्री ने महिलाओं को जेल में डालने का फरमान सुनाया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 फरवरी। तृणमूल कांग्रेस की कार गुजारियों की वजह से बंगाल धधक रहा है। तृणमूल नेताओं के जघन्य अपराध सामने आ गए हैं और तृणमूल नेता शेख शाहजहां और उसका मुख्य सहयोगी शिबु हाजरा फरार है।

गांव वाले उनकी तुरंत गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं, क्योंकि तृणमूल के ये गुंडे स्थानीय लोगों पर भी अत्याचार करते रहे हैं उनके घर व जमीनें छीन लेते है उनसे हफ्ता वसूलते हैं और महिलाओं के साथ भी दुर्व्यवहार करते हैं।

क्षेत्र के और समीपवर्ती जिलों के सभी गांवों के लोग खासकर महिलाओं के नेतृत्व में अपना गुस्सा प्रदर्शित कर रहे हैं। महिलाओं का आरोप है कि ये लोग इन्हें रात में बुलाते थे तथा शारीरिक

- **लेकिन, अपनी पार्टी के नेता और फरार आरोपियों, शेख शाहजहां और शिबु हाजरा की गिरफ्तारी पर एक शब्द भी नहीं कहा।**
- **ममता बनर्जी के आदेश के बाद पुलिस ने विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को गिरफ्तार किया पर अधिकांश को कोर्ट ने रिहा कर दिया।**
- **महिलाओं ने आरोप लगाया कि, तृणमूल नेता उनका शारीरिक शोषण करते हैं और बात नहीं मानने पर उनके पति को पीटते हैं।**
- **कई जगहों पर महिलाओं ने तृणमूल नेताओं के घरों व पोल्ट्री फार्म आदि में आग लगा दी।**

शोषण करते थे।

कहने की जरुरत नहीं है कि पूरे राज्य में तृणमूल के गुंडों द्वारा महिलाओं का उत्पीड़न आम बात है। महिलाएं बताती हैं कि किस प्रकार से तृणमूल नेता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## उत्तर पूर्वी दिल्ली में धारा 144 लागू

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 फरवरी। दिल्ली पुलिस ने किसानों के "दिल्ली चलो" अभियान के मद्देनज़र सी.आर.पी.सी. की धारा 144 के तहत 12 मार्च तक के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी है तथा राजधानी की सभी सीमाओं को बंद कर दिया है। हरियाणा और पंजाब में

- **दिल्ली पुलिस ने किसानों के "दिल्ली चलो" प्रदर्शन को देखते हुए 12 मार्च तक के लिए धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगा दी है।**

इन्टरनैट बंद करने के विरूद्ध पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में एक याचिका दर्ज करवाई गई है।

पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली, किसानों के मार्च में शामिल होने के लिए दिल्ली की ओर निकल पड़ी हैं। इसी के साथ तीन केन्द्रीय मंत्रियों की एक टीम किसान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश नहीं जाएगी राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

## सूत्रों के अनुसार जयंत चौधरी के एन.डी.ए. में जाने के कारण यह निर्णय किया गया है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 फरवरी। राष्ट्रीय लोक दल के नेता जयंत चौधरी के नैशनल डैमोक्रेटिक एलायंस (एन.डी.ए.) में जाने के समाचारों के बाद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कार्यक्रम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश को हटाने का निर्णय लिया है, जिसके कारण यात्रा की अवधि पांच दिन कम हो जायेगी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता, अंशु अवस्थी ने कहा कि, दसवीं और बारहवीं की राज्य बोर्ड परीक्षाओं के कारण, जाट बाहुल्य, पश्चिमी उत्तर प्रदेश को "बाई पास" करने का निर्णय लिया है। अवस्थी ने इस घटनाक्रम को, राहुल गांधी की जनहित के मामलों पर संवेदनशीलता के उदाहरण के रूप में भी पेश करने की

- **उत्तर प्रदेश में कांग्रेस प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने यात्रा के मार्ग में परिवर्तन की जानकारी दी और कहा कि, दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के कारण यह निर्णय लिया गया है।**
- **नए कार्यक्रम के तहत राहुल की यात्रा 16 फरवरी को वाराणसी से यू.पी. में प्रवेश करेगी और 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी।**
- **20 फरवरी को रायबरेली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी रैली में शामिल होंगे।**

कोशिश की। उन्होंने आगे बताया कि राहुल गांधी ने पहले भी पश्चिमी बंगाल में कोविड-19 के कारण, जनहित में अपनी यात्राएं रद्द कर दी थीं।

यद्यपि, पार्टी सूत्रों ने संकेत दिया कि, योजना में बदलाव मुख्यतः दो कारणों से किया गया है। पहला, किसान समूहों द्वारा नए सिरे से विरोध प्रदर्शन जो कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से दिल्ली की सीमाओं पर एकत्रित हो रहे हैं। दूसरा कारण है, जयंत चौधरी के विपक्षी मोर्चे को छोड़कर भाजपा नेतृत्व वाले एन.डी.ए. गठबंधन में जाने के निर्णय के बाद, पश्चिम उत्तर प्रदेश पर कांग्रेस पार्टी की रणनीति पर पुर्नविचार की आवश्यकता होना।

नये कार्यक्रम के अनुसार, राहुल गांधी की यात्रा 16 फरवरी को वाराणसी के रास्ते से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी और भदोही, प्रयागराज तथा प्रतापगढ़ होते हुए 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी। तत्पश्चात राहुल गांधी अपने पुराने निर्वाचन क्षेत्र अमेठी का दौरा करेंगे तथा उसके बाद रायबरेली, उन्नाव, कानपुर एवं हमीरपुर होते हुए झांसी पहुंचेंगे।

20 फरवरी को यात्रा को गति मिलने की संभावना है, जब समाजवादी पार्टी प्रमुख, अखिलेश यादव, रायबरेली में यात्रा से जुड़ेंगे तथा एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मनीष सिसोदिया को मिली अंतरिम जमानत

नई दिल्ली, 12 फरवरी। दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आप नेता मनीष सिसोदिया को जमानत दे दी है। कोर्ट ने सिसोदिया को 3 दिन की अंतरिम जमानत दी है।

उन्हें यह जमानत 13 से 15 फरवरी तक लखनऊ में अपनी भतीजी की शादी समारोह में शामिल होने के लिए मिली है।

दरअसल सिसोदिया एक्साइज़ पॉलिसी केस में तिहाड़ जेल में बंद हैं। इससे पहले वे बीते 11 नवंबर को अपनी पत्नी सीमा से मिलने गए थे। उस दौरान सीमा की तबीयत खराब थी। दिल्ली की कोर्ट ने उन्हें 11 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपनी पत्नी से मिलने की इजाजत दी थी।

ताजा मामला सिसोदिया की भतीजी की शादी से जुड़ा है। 14 फरवरी को उनकी भतीजी की शादी है, जिसके लिए सिसोदिया ने जमानत मांगी थी। कोर्ट ने उन्हें राहत देते हुए भतीजी की शादी में शामिल होने की इजाजत दे दी है।

## केजरीवाल और भगवंत मान अयोध्या पहुंचे

नयी दिल्ली, 12 फरवरी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। केजरीवाल ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी।

## इज़रायली हमलों में सौ से अधिक मारे गये

गाजा, 12 फरवरी। दक्षिणी शहर राफा और गाज़ा पट्टी के आसपास के इलाकों पर इज़रायली सेना के हमलों में मारे जाने वालों की संख्या सोमवार को बढ़ कर 100 से अधिक हो गई जबकि महिलाओं और बच्चों सहित सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी वफा की रिपोर्ट के अनुसार, इज़रायली सेना ने आज तड़के राफा क्षेत्र पर लगभग 40 हवाई हमले किए और जमीन पर भी गोलाबारी की। इज़रायली सेना ने बताया कि, उसने राफ़ा में विशेष बलों के अभियान के बाद दो बंधकों को बचाया। इसके बाद, दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया अब उनकी हालत अच्छी है। इज़रायली सेना ने पहले एक बयान में कहा कि, इज़रायली सेना ने सोमवार को दक्षिणी गाजा में "आतंकवादी ठिकानों पर सिलसिलेवार हमले" किए।

इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को फोन पर गाज़ा में बंधकों को मुक्त कराने और फिलिस्तीनी क्षेत्र में अधिक सहायता की सुविधा के लिए चल रहे प्रयासों पर चर्चा की। इज़रायली सरकार के एक अधिकारी ने शिन्हुआ को बताया कि, इनमें से लगभग सौ बंधक सात अक्टूबर, 2023 को हमास के हमले के दौरान अपहरण किए जाने के बाद अब भी गाज़ा में हैं। इसके अलावा, दोनों नेताओं ने राफा में इजरायल की जमीनी हमले की घोषित योजना पर भी चर्चा की। गाज़ा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि, गाज़ा पट्टी में सात अक्टूबर, 2023 से किये गये इज़रायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़ कर 28,176 हो गई है।

## 7 नए अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त

जयपुर, 12 फरवरी (का.सं.)। राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय नियुक्त किए 17 अतिरिक्त महाधिवक्ताओं को कार्यमुक्त कर दिया है और उनके स्थान पर 7 नए अतिरिक्त महाधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। इनमें से पांच अतिरिक्त महाधिवक्ता जयपुर पीठ और दो अतिरिक्त महाधिवक्ता मुख्य पीठ जोधपुर में

- **इसी के साथ सरकार ने पुराने 17 अतिरिक्त महाधिवक्ताओं को कार्यमुक्त कर दिया।**

अपनी सेवाएं देंगे।

राज्य सरकार के आदेश के अनुसार, वरिष्ठ अधिवक्ता भरत व्यास, डिप्टी सॉलिसिटर जनरल बसंत सिंह छाबा, पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता जी.एस. गिल, अधिवक्ता भुवनेश शर्मा और अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह नरूका को जयपुर पीठ के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नीतीश ने विधानसभा में बहुमत साबित किया, राजद के भी तीन विधायक तोड़े

## विश्वास मत से पहले राजद, कांग्रेस और वाम मोर्चा वॉक आउट कर गए और नीतीश 130-0 से जीत गए

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 फरवरी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व उनकी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) भाजपा गठबंधन की सरकार ने सोमवार को दोपहर में सदन में विश्वास प्राप्त कर लिया इससे पूर्व तेजस्वी यादव ने 9वीं बार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हाल ही में पाला बदलने पर उनकी कटु आलोचना की।

यद्यपि राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस एवं वामपंथी मोर्चा ने विधानसभा में विश्वास मत से पूर्व ही सदन बर्हिगमन कर दिया जिससे जद (यू) भाजपा गठबंधन को बहुमत का आंकड़ा आराम से मिल गया। बहुमत प्राप्ति के लिए गठबंधन राजद के भी तीन वोट तोड़ने में सफल रहा परन्तु यह सफलता पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव के द्वारा मान अपमान की परवाह नहीं करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री की भीषण आलोचना एवं चुभने वाले व्यंग्य एवं कटाक्ष करने के बाद मिली, जिसे मुख्यमंत्री बड़े धैर्य के साथ सुनते रहे।

243 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा प्राप्त करने के लिए 122 वोट की जरूरत थी। नीतीश कुमार जिन्होंने लालू यादव के नेतृत्व राष्ट्रीय जनता दल (आर.जे.डी.) गठबंधन से नाता गत जनवरी में ही तोड़ दिया था, उन्हें भाजपा के समर्थन से वापस सत्ता के शीर्ष पद पर आने के बाद सदन में अपना बहुमत सिद्ध करना जरूरी था।

हमलावर क्रोधित यादव अपने पूर्व सहयोगी पर व्यंगात्मक तानों और

- **तेजस्वी ने कहा कि, नीतीश ने 9 बार लगातार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जो एक रिकॉर्ड है, पर सबसे अनोखी बात है कि, एक ही कार्यकाल में तीन बार शपथ ली।**
- **तेजस्वी बोले, नीतीश मुझे बेटा कहते हैं, मैं भी उन्हें पिता मानता हूँ, पर वे दशरथ जैसे हैं। दशरथ ने राम को मजबूरी में वनवास भेजा था, नीतीश भी मजबूर रहे होंगे।**

कटाक्षों की झड़ी लगा दी और उन्होंने उनके नये सहयोगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा के गठबंधन को पलटु कुमार का नाम दिया।

यादव ने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते समय रामायण से भी एक संदर्भ दिया। नीतीश कुमार उन्हें प्रायः अपना बेटा कहकर संबोधित करते हैं और वे भी उन्हें अपना अभिभावक और एक जैसा पिता मानते हैं पर वे दशरथ जैसे हैं।

उन्होंने कहा, हो सकता है नीतीश की कोई मजबूरी रही हो ठीक वैसे ही जैसे राजा दशरथ की राम को वनवास भेजते समय थी। दशरथ उन्हें कभी वनवास भेजना नहीं चाहते थे परन्तु कैकयी ने ऐसा करवाया। हम चाहते हैं कि आप मुख्यमंत्री बने रहें और आपने जो वादे किए हैं उन्हें पूरा करें। यादव ने रामायण का संदर्भ देते हुए यह भी कहा कि आप अपने आसपास जो कैकयी है उसे अवश्य पहचाने।"

यादव ने पार्टी सदस्यों से अनुमोदन के लिए समर्थन जताने को कहा कि क्या प्रधानमंत्री इस बात की गारंटी दे सकते हैं कि नीतीश दुबारा पलटी नहीं मारेंगे? यादव ने नीतीश कुमार से यह बताने को कहा कि बिहार के लोगों के प्रति उनका क्या कार्य होगा।

पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने नीतीश पर तंज कसते हुए कहा कि, आप जब राजभवन में त्यागपत्र देकर बाहर आए तो आपने कहा, "मन नहीं लग रहा था, तो हम लोग नाचने गाने के लिए थोड़े ही हैं? हम तो आपको समर्थन देने के लिए थे"

"यादव ने यह भी कहा कि कुमार ने लगातार नौ बार मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण करके इतिहास लिख दिया है। परन्तु उन्होंने एक ही कार्यकाल में तीन बार शपथ ली है, ऐसा वाकया हमने पहले कभी नहीं देखा था।"

आगे यह भी कहा कि उन्हें नहीं पता कि ऐसी क्या बाध्यता थी जिसने उन्हें महागठबंधन तोड़ने के लिए मजबूर कर दिया, जिसमें जद (यू), राजद व कांग्रेस शामिल थे।

यादव ने निशाना साधा और कहा कि, बिहार की जनता यह जानना चाहती है कि, वे बार-बार पाला क्यों बदलते हैं। यादव ने नीतीश की विश्वसनीयता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अशोक चव्हाण ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया

मुंबई, 12 फरवरी। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना है।

चव्हाण ने इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को एक पत्र

- **महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री चव्हाण ने कहा, अब दूसरे विकल्प की तलाश करूँगा।**
- **चव्हाण के बहुत जल्द भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं।**

लिखा है और राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को विधानसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा भी भेजा है।

हाल के वर्षों में, महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस पार्टी को एक के बाद एक कई झटके लगे हैं क्योंकि पार्टी के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गांव, शहर व ढाणी में भाजपा कार्यकर्ता काम से पहचाना जाता है : भजनलाल

## नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री ने दो महीने में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए : सी.पी. जोशी

**उदयपुर,** (कासं)। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी लोकसभा क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक एक रिजॉर्ट्स में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि कि आज उनके अथक परिश्रम की पराकाष्ठा के चलते बीजेपी की सरकार राज्य में स्थापित हुई है। गांव, शहर, ढाणी में आज भाजपा कार्यकर्ता को अपने काम से पहचाना जाता है। उन्होंने भाजपा की कार्यशैली का वर्णन करते हुए कहा कि हमारी पार्टी लक्ष्य लेकर चलती है और उसको पूरा करती है। 2014 के बाद में केंद्र में भाजपा शासन हुआ तब से कोई घोटाला इस देश में नहीं हुआ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करते हैं और करते हैं वहीं कहते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया चाहे वह कृषि, विज्ञान, सैन्य, अंतरिक्ष, शिक्षा, चिकित्सा एवं रोजगार हो। पहले आए दिन आतंकवाद की घटनाए होती थी उस पर केंद्र सरकार ने लगाम लगाई। प्रधानमंत्री मोदी ने देश का परिदृश्य बदल दिया। लोगों ने कुर्ते पर जनेऊ पहनना चालू कर दिया, मोदी सरकार ने संस्कृति एवं विरासत का पुनरुत्थान का कार्य किया, भाजपा में छोटे से छोटे कार्यकर्ता का महत्व होता है।भाजपा के कार्यकर्ता आने वाले भविष्य हैं, संगठन में कार्यकर्ताओं का कार्यों का मूल्यांकन करके उनका दायित्व दिया जाता है।

उन्होंने पूर्व में हुई भाभड़ा जी के साथ हुई वार्ता को बताया कि जनसंघ एवं भाजपा के कई वरिष्ठ नेता स्वर्गवासी हो गए लेकिन भाभड़ाजी ने राम मंदिर बनते देखा यह उनका सौभाग्य था। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि कार्यकर्ता का कोई भी कार्य नहीं रुकेगा। बैठक के प्रारंभ में प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी दामोदर अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं बैठक की प्रारंभिक जानकारी सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को दी।

सांसद व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा भाजपा के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मात्र दो महीने में कई महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक फैसले लिए, उन्होंने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि बजट मे राजस्थान के विकास लिए बहुत महत्वपूर्ण घोषणाएं की। निश्चित तौर पर राजस्थान बहुत प्रगति करेगा। इस बजट में प्रधानमंत्री के 10 वर्षों का विकास का संकल्प पूर्ण रूप से झलकता है। प्रधानमंत्री की नजर वास्तव में पारखी है उन्हें यह ध्यान रहता है कि किस राज्य में किसकी जरूरत है उसी प्रकार से वह केंद्र से योजनाएं एवं सहयोग राशि भेजते। उन्होंने विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से पार्टी का फीडबैक लिया। भविष्य में होने वाले लाभार्थी सम्मेलन के बारे में जानकारी दी और आगामी लोकसभा चुनाव में राजस्थान से 25 सीटें जीतने का कार्यकर्ताओं को संकल्पित किया।

इस अवसर पर विधायक ताराचंद जैन, फूल सिंह मीणा, प्रताप भील, अमृतलाल मीणा, उदयलाल डांगी, जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युधिष्ठिर कुमावत, जिला प्रमुख ममता कंवर पवार, जिला प्रभारी बंशीलाल खटीक, इंद्रमल सेठिया, शहर जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड़, किरण जैन सहित संभाग के जिला एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित थे।



भाजपा लोकसभा क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, विधायक ताराचंद जैन आदि मौजूद रहे।

- भाजपा लोकसभा क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया

# कुंड में हाथ-पैर बंधे हुए तीन शव मिले

## सामूहिक मर्डर की आशंका, शवों को निकाला

**अलवर,** (निसं)। अलवर दिल्ली रोड पर बख्तल की चौकी के पास गटर के कुंड में तीन शव मिले। सभी के हाथ-पैर बंधे हुए थे तथा शरीर पर राजस्थान मदरसा बोर्ड लिखा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को शिनाख्त के लिए जिला अस्पताल के चीरघर में रखवा दिया है।

- पुलिस ने शवों को शिनाख्त के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया

जानकारी अनुसार सोमवार को पुलिस ने जेसीबी की मदद से बख्तल की चौकी के पास गटर के कुंड में चार लाश निकाली है जिसमें महिला, बच्ची और लड़का शामिल है। सभी के हाथ-पैर बंधे हुए है, मुंह में कपड़ा ठुंसा गया है। अपराधियों ने पुलिस का ध्यान भटकाने के लिए मृतक के शरीर पर जगह-जगह राजस्थान मदरसा बोर्ड लिख दिया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है कि यह शव किनके हैं और किसने इनकी बेहरमी से हत्या की है। फिलहाल शवों को शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिए हैं। पुलिस को अनुमान है ये सभी शव एक ही परिवार के हैं।


मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को बाहर निकाला।

# चोरी की छह बाइक सहित दो जने गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर की भीमगंज थाना पुलिस ने शहर व आसपास के स्थान से अपने मौज-शोक के लिए बाइक चुराने वाले दो कुख्यात चोरों को गिरफ्तार किया है।

भीमगंज थाना प्रभारी आशुतोष पांडे बताया कि टीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो कुख्यात चोरों को 6 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पांड्या ने बताया कि राजेंद्र पिता भेरु माली ने एक रिपोर्ट दी थी जिसमें बताया कि मंगल पांडे सर्किल के पास नौ फरवरी को वो अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करके पास ही में खाना खाने गया था और जब वापस लौटा तो मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। काफी तलाश के बाद भी मोटरसाइकिल नहीं मिली। दूसरी घटना उसी दिन लेबर कॉलोनी में रहने वाले नारायण माली पिता भेरू बलाई के साथ हुई नारायण ने अपनी बाइक महात्मा गांधी हॉस्पिटल के बाहर खड़ी की थी, कुछ देर बाद जब वो वापस लौट कर आया तो मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। उसने आसपास में काफी तलाश किया लेकिन पता नहीं चल पाया। दोनों वारदात को गंभीरता से लेते हुए टीम ने परंपरागत पुलिसिंग से सूचना के आधार पर कालू पिता कैलाश माली निवासी बनेड़ा और शंकर पिता रामनिवास लोहार निवासी बनेड़ा को गिरफ्तार किया।

# हादसे में दो युवकों की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। स्कॉर्पियो और इनोवा की टक्कर में सोमवार शाम दो युवकों की मौत हो गई। दोनों इनोवा में सवार थे। वहीं स्कार्पियो सवार परिवार को भी मामूली चोट लगी है। हादसा सेतरावा के पास हुआ। देचू थानाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि सोमवार शाम करीब 4 बजे सेतरावा के पास स्कॉर्पियो और इनोवा की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद इनोवा पलट गई। उसमें सवार पांच लोगों में से दो हुकम सिंह (42) निवासी देडा और देवेंद्र सिंह निवासी सेतरावा की मौत हो गई। वहीं सेतरावा निवासी बिरमाराम, सुखदेव सहित एक बच्चा रावल घायल हो गए। हादसे में तीन घायलों को जोधपुर के एमडीएम हॉस्पिटल लाया गया है। जानकारी अनुसार स्कॉर्पियो में एक परिवार सवार था, जिन्हें मामूली चोट आई है। घायलों को मथुरादास माथुर हॉस्पिटल लेकर गए, जहां दो की मौत हो गई।

# शिक्षक ने आत्महत्या की

**धौलपुर,** (निसं)। कोतवाली थाना इलाके में एक होटल के अंदर 40 साल के शिक्षक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। घटना से पुलिस ने मृतक के परिजनों को अलवर अवगत करा दिया है।

जानकारी के मुताबिक शिक्षक राजेंद्र कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी बहरोड़ जिला अलवर शहर के एक रेस्टोरेंट होटल में रुका हुआ था। सुबह ही अध्यापक ने होटल के अंदर कमरा बुक कराया था। रविवार रात तक जब अध्यापक कमरे के अंदर से बाहर नहीं निकला तो होटल के कर्मचारियों को अनहोनी का शक हुआ। होटल का गेट तोड़कर देखा तो पलंग पर शिक्षक पड़ा हुआ था और मुंह से झाग निकले हुए थे। घटना से होटल में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना होटल प्रबंधन ने कोतवाली थाना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने बारीकी से मौका मुवायना किया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने घटना से मृतक के परिजनों को अवगत करा दिया है।

# जे.जे.एम. परियोजनाओं में अनियमितताएं बरतने पर पांच अभियंता निलम्बित

- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जल जीवन मिशन के तहत चल रही परियोजनाओं का टीम के साथ निरीक्षण किया था
- निरीक्षण के दौरान डाली गई पाईप लाईन की गहराई नापने पर नियमानुसार कम पाई गई

**जयपुर/दौसा,** (निसं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने सोमवार को दौसा जिले के दौरे के दौरान जल जीवन मिशन (जे.जे.एम.) के तहत चल रही परियोजनाओं का विभागीय अभियन्ताओं की छह सदस्यीय टीम के साथ निरीक्षण किया।

जलदाय मंत्री दौसा जिले के मौजपुर एवं गोहन्दी मीना में ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना पैकेज-5 के तहत पम्प हाउस के शिलान्यास के बाद महवा तहसील के पीपलखेड़ा गांव में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने निकले। निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर डाली गई पाईप लाईन की गहराई नापने पर नियमानुसार कम पाई गई। निरीक्षण दल द्वारा माप पुस्तिका एवं ले-आउट प्लान मांगे जाने पर सम्बन्धित अभियन्ताओं द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया, योजना में खोदे गये 6 नलकूपों में से 2 नलकूप बन्द पाये जाने के साथ ही अन्य कमियां पाई गई। निरीक्षण दल की जांच में परियोजना के कार्य निविदा शर्तों के अनुसार पूरे नहीं होना एवं परियोजना में सुपरविजन की कमी भी पाई गई। इन अनियमितताओं एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा की गई शिकायतों को देखते हुए जलदाय मंत्री ने सम्बन्धित अभियन्ताओं को निलम्बित करने के निर्देश दिये।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री के निर्देशों एवं निरीक्षण के लिए साथ में गये वरिष्ठ अभियन्ताओं की रिपोर्ट के आधार पर शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. समित शर्मा ने विभाग में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनाते हुए तत्काल ही खण्ड महवा के वर्तमान अधिशाषी अभियन्ता हेमन्त मीणा, तत्कालीन अधिशाषी अभियन्ता सिद्धार्थ मीणा, सहायक अभियन्ता उप खण्ड महवा नानक राम बैरवा, कनिष्ठ अभियन्ता अनुभाग मण्डावर धारा सिंह मीणा, कनिष्ठ अभियन्ता अनुभाग महवा महाराज सिंह गुर्जर को निलम्बित करने के आदेश जारी कर दिये। डॉ. समित शर्मा ने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि अप्रेल 2023 में तत्कालीन राज्य सभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने केन्द्रीय मंत्री जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को पत्र लिखकर महवा विधान सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की जांच कराने की मांग की थी। महवा विधायक राजेन्द्र मीणा द्वारा भी जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को पत्र लिखकर महवा विधान सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की जांच की मांग की गई थी।

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR
No.NIT/2023-24/27558-67 Date:12.02.2024
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 684/2023-24
निम्नलिखित परियोजनाओं पर राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लि. (RSRDC Ltd.) में पंजीकृत टोल कलेक्शन ठेकेदारों से पथकर वसूली हेतु ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|
| Construction of Toll Tax on "Bali-Pandwara Road" for a period of 02 years UBN: RRC2324SLOB01355 | 372.75 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

जयपुर विकास प्राधिकरण
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004
JDA/IT(1357424)/RC-CONSUMABLE/2024/D-51 दिनांक : 08.02.2024
निविदा सूचना
NIB No. : JDA-IT-07-2023-24
UBN No.: JDA2324GLOB00714
जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा "Rate Contract for Supply of Toner Cartridges/Drum/Fuser for Laser Printers" के लिए ऑनलाईन बिड्स दिनांक 20.02.2024 को 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा बोली का ऑनलाईन आवेदन व भुगतान जविप्रा पोर्टल पर करने की अन्तिम तिथि 19.02.2024 को 5.00 बजे तक है। निविदा की अनुमानित लागत रूपये 90.00 लाख है। निविदा बोली के दस्तावेजों का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and www.jda.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा में भाग लेने हेतु निविदादाता को अनिवार्य रूप से निम्न प्रक्रिया अपनानी होगी :
1. निविदा में भाग लेने एवं भुगतान जमा कराने हेतु निविदादाता को जविप्रा के 'Online Tender Participation' पोर्टल www.jda.rajasthan.gov.in/jda या http://service.jaipurjda.org पर जविप्रा के सिंगल साईन ऑन के माध्यम से करना होगा।
2. राजस्थान सरकार के ई-प्रॉक्यूमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करनी होगी।
राज.संवाद/सी/23/12915 सिस्टम एनालिस्ट, उपापन संस्था

# 34 साल से फरार चल रहा स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**चिड़ावा,** (निसं)। चिड़ावा पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। पारीवारिक रंजिश के मामले में 1990 से फरार चल रहा था।

सीआई विनोद सामरिया ने बताया कि गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को 34 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी राजेश को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार 1990 में रामसिंह ने श्योपुरा में पारिवारिक रंजिश के बाद आरोपी राजेश के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। लेकिन आरोपी फरार हो गया। जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट जारी कर दिया। मंगलवार को पुलिस की उसके श्योपुरा किसी विवाह समारोह में आने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया

वारंट सरकार बनाम रामसिंह ने 34 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी राजेश सालो से नाम पता बदलकर उज्जैन, एमपी, गुजरात, अहमदाबाद, कोटा में अलग अलग जगह रहकर ठेकेदारी करता था। लेकिन इस दौरान ये किसी के पकड़ में नहीं आया। आरोपी कुछ दिन पहले ही गांव में आया था।

# मनरेगा में मजदूरी करते समय महिला की हार्टअटैक से मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ तहसील के गांव खुडडी में चल रहे मनरेगा कार्य पर रविवार को मजदूरी करने गई महिला श्रमिक की हार्ट अटैक से मौत होने के आरोप का मामला सामने आया है। वहीं इस संबन्ध में मृतक महिला श्रमिक के देवर के लड़के ने राजगढ़ थाने में नरेगा कार्य करते समय अपनी ताई की मौत होने के आरोप का मामला दर्ज करवाया है। घटना की सूचना पर मिलने पर राजगढ़ थाने के हैड कास्टेबल राजकुमार ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सुपूर्द कर दिया है। रामरख ने दर्ज मामले में बताया है कि उसकी ताई अमरपति (69) जो कि गांव खुडडी में चल रहे नरेगा कार्य करने गई थी। उसके पिता दानचन्द ने बताया कि आपकी ताई की तबीयत खराब हो गई है। ताई अमरपति को राजकीय चिकित्सालय राजगढ़ में लेकर आये, जहां चिकित्सक ने चेक कर उसे मृत घोषित कर दिया।


# आरोपियों की धमकी से आहत होकर दुष्कर्म पीड़िता पानी की टंकी पर चढ़ी

**दौसा,** (निसं)। जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में आरोपियों की धमकी से आहत होकर एक दुष्कर्म पीड़िता ने पानी की टंकी पर चढ़कर करीब चार घंटे तक ड्रामा कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा की दृष्टि से नीचे जाल लगाया और पुलिस प्रशासन द्वारा करीब चार घंटे चली समझाइश और मामले के जांच अधिकारी को बदलने के बाद कहीं जाकर बाद दुष्कर्म पीड़िता को टंकी से उतारा गया। जैसे ही आसपास इस मामले की जानकारी लगी तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

दुष्कर्म पीड़िता ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी उसे डरा धमका रहे हैं एवं पचास हजार रुपए लेकर दफा होने को लेकर धमका रहे हैं। इसके बाद पीड़िता आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर टंकी पर चढ़ गई। पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना लगी तो उनके हाथ-पांव फूल गए। पूरा मामला 16 जनवरी का था जहां दौसा जिले के एक थाना क्षेत्र में दलित महिला से दुष्कर्म हुआ था। इस सम्बन्ध में पीड़िता ने पुलिस थाने में नामजद मामला दर्ज कराया। महिला पिछले कई साल से पति के साथ खेतों की रखवाली करने का काम करती थी। इससे मिलने वाले अनाज से परिवार का गुजारा होता है। गांव के ही एक खेत पर जब वह काम करने गई तो राधेश्याम नाम के युवक ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जहां से उसने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी। इस मामले की जांच मानपुर डिप्टी एसपी दीपक मीणा को सौंपी गई थी। अब इस प्रकरण की पूरी जांच पड़ताल एएसपी शंकर लाल मीणा को दी गई है।

इधर, पीड़िता के पति ने कहा कि रोजाना आरोपी आकर उसे धमकाते हैं और कहते हैं हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, तू रुपए ले और यहां से भाग जा। मामला सोमवार सुबह का है। पुलिस ने बताया कि साढ़े सात बजे हमें सूचना मिली कि दुष्कर्म पीड़िता टंकी पर चढ़ गई है। ऐसे में सदर थाना इंचार्ज गौरव प्रधान, तहसीलदार राजेंद्र प्रसाद मीणा, जलदाय विभाग जेईएन देशराज बैरवा और सिविल डिफेंस की टीम के साथ पहुंचे थे। यहां सुरक्षा की दृष्टि से सिविल डिफेंस टीम ने जाल बिछाया। दुष्कर्म पीड़िता की मांग थी कि रेप के आरोपी की एक माह बाद भी गिरफ्तारी नहीं की गई है। उसे गिरफ्तार किया जाए और निष्पक्ष जांच की जाए। रेप पीड़िता और उसके पति से समझाईश कर थाने में दर्ज दुष्कर्म मामले की जांच एएसपी महिला सेल शंकर लाल मीणा को सौंपी गई है। इसके आश्वासन के बाद पीड़िता को 11 बजे टंकी से नीचे उतार लिया गया।

- पीड़िता ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी उसे डरा धमका रहे हैं एवं पचास हजार रुपए लेकर दफा होने को लेकर धमका रहे हैं
- जांच अधिकारी बदलने के बाद आश्वासन के बाद उतरी पीड़ित महिला


सिविल डिफेंस के कर्मचारियों व पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा की दृष्टि से नीचे जाल लगाया।

राजस्थान सरकार का उपक्रम
RIICO GROW WITH RAJASTHAN
आरक्षित दर पर
ई-लॉटरी द्वारा भूखण्ड आवंटन
5 नये श्रीराम जानकी औद्योगिक क्षेत्रों में
रीको की ई-लॉटरी के माध्यम से लगाएं उद्योग और बनाएं नई पहचान
कुल 366 भूखण्ड लॉटरी तिथि 27.03.2024
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन - 07 फरवरी, 2024 से प्रारम्भ
ऑनलाईन आवेदन
प्रारम्भ तिथि : 22 फरवरी, 2024 (प्रातः 10:00 बजे)
अंतिम तिथि : 11 मार्च, 2024 (सायं 06:00 बजे)
राजास (नागौर), बलारिया, जटलाव-गोठड़ा (सवाई माधोपुर), सत्तासर (बीकानेर), रामसर (बालोतरा)

| वर्ग वार भूखण्डों की संख्या | राजास (नागौर) | बलारिया (सवाई माधोपुर) | जटलाव-गोठड़ा (सवाई माधोपुर) | सत्तासर (बीकानेर) | रामसर (बालोतरा) |
|---|---|---|---|---|---|
| अनुसूचित जाति/जनजाति | 17 | 7 | 8 | 8 | 3 |
| महिला वर्ग | 14 | 5 | 6 | 7 | 2 |
| एक्स सर्विस मेन | 6 | 2 | 2 | 3 | 0 |
| मृतक सशस्त्र बलों/अर्द्ध सैनिक बलों के आश्रित | 3 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| बेंचमार्क डिसएबिलिटी वर्ग | 9 | 3 | 2 | 4 | 2 |
| सामान्य भूखण्ड | 100 | 42 | 42 | 47 | 18 |

250 वर्गमीटर से 4000 वर्गमीटर के औद्योगिक भूखण्ड
राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005 ई-मेलः riico@riico.co.in
हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237 पर कॉल अथवा व्हाट्सएपः +91 9001306515 करें
*T&C Apply
Raj. Samwad/C/23/12962
सहभागिता राशि, आवंटन दर, रजिस्ट्रेशन शर्तों एवं भूखण्डों की साईज व वर्ग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए संबंधित इकाई कार्यालय में संपर्क करें या देखें : www.riico.co.in

## सार-समाचार

### निर्माण समिति की बैठक आयोजित

**उदयपुर,**(कासं)। सोमवार को नगर निगम निर्माण समिति की निगम सभागार में समिति अध्यक्ष सीए आशीष कोठारी की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न वार्डों में पार्षदों द्वारा दिये गये प्रस्तावों पर विचार कर स्वीकृति दी गई। इस बैठक में समिति अध्यक्ष द्वारा अधिकारियों के निर्देशित किया गया कि कार्यों की गति को तुरंत बढाये और गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाये । पूर्व में कई वार्डों में समिति द्वारा निरीक्षण में कमियाँ पायी गई उस पर सदस्यों ने नाराजगी भी जाहिर की ।इस बैठक में सदस्य मनोहर चौधरी द्वारा सभी वार्डों में वॉलीबॉल कोर्ट तैयार कर जनता को सौगात देने का प्रस्ताव दिया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई और अधिकारियों को शीघ्र टेंडर कर इस पर कार्य करने को कहा ।समिति सदस्य लोकेश गौड द्वारा शहर के विभिन्न शमशानों की स्थिति पर चिंता जाहिर की गई और उनकी रिपेयर मेंटेनेंस का प्रस्ताव दिया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।समिति सदस्य मुकेश शर्मा द्वारा विभिन्न वार्डों में चिह्नित स्थानों पर गति अवरोधक बनवाने का प्रस्ताव दिया गया जिस पर अधिकारियों को गाइडलाइन के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाने को निर्देशित किया गया।समिति सदस्य शिल्पा पामेचा द्वारा पूर्ण किए गए कार्यों के शिलान्यास तुरंत प्रभाव से करवाये जाने को कहा गया जिस पर समिति अध्यक्ष आशीष कोठारी ने अधिकारियों को आचार संहिता से पूर्व समस्त उद्घाटन करवाने की व्यवस्था करने को आदेशित किया।इसके अतिरिक्त समिति ने सर्वसम्मति से शहर में दो नये चौराहे विकसित, सुखाडिया सर्किल पर गेमिंग जोन शीघ्र स्थापित करने का प्रस्ताव पास किया जिस पर अधिकारियों को ड्राइंग बनाकर प्रस्ताव अगली बैठक में लाने को कहा।इसके अतिरिक्त समिति अध्यक्ष द्वारा समय पर काम पूरा न करने वाले ठेकेदारों पर नियमानुसार पेनल्टी लगाना सुनिश्चित करने को कहा जिससे देरी की प्रवृत्ति पर अंकुश लगे ।

### पत्नी की हत्या, शव खेत में गाड़ा

**उदयपुर,** (कासं)। आपसी कहासुनी होने के दौरान लठ्ठ से हमला करने से मौत होने पर पति ने खेत के पास गड्डा खोद कर पत्नी को गाड़ दिया। घटना के 25 दिन बाद इसका खुलासा होने पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज किया। प्रकरण के अनुसार सायरा थाना एएसआई वरदीसिंह ने नवाराम पुत्र तेजाराम गमेती निवासरी कुछवा गा गुड़ा हॉल लिणा थाना सायरा के खिलाफ उसकी पत्नी नोजकी बाई (45) की हत्या कर लाश को पड़ोस में स्थित खेत में गड्डा खोद कर गाडने का प्रकरण दर्ज करवाया। इस मामले में पीडित लिम्बाराम निवासी दियाण ने 23 जनवरी 2023 को सायरा पुलिस थाने में अपनी बहन नोजकी के गुम होने की रिपोर्ट दी थी। इस मामले में की गई पूछताछ में नवाराम ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। गत दिनों एएसआई दुबारा की गई पूछताछ में नवाराम ने बताया कि मेरी पत्नी शराब पीने की आदी थी। 15 जनवरी को शराब का नशा कर घर आने पर उससे विवाद हुआ था एवं कहासुनी हो गई थी। इसकी सूचना देने पर पीहर से उसके पिता चेलाराम व परिजन आए थे जो समझाईश कर लौट गए थे। कुछ ही समय बाद दुबारा कहासूनी होने पर लठ्ठ से उसके सिर पर हमला कर दिया था। जिससे वह वहीं गिर पड़ी तथा मैं भी सो गया। दूसरे दिन जाग हाने पर नोजकी को चाय पीने उठाया तो नहीं जागी। उसकी मृत्यु होने का पता चलने पर पड़ोस के खेत में गड्डा खोद पत्नी को गाड़ दिया। मामले की जांच गोगुन्दा थानाधिकारी शैतानसिंह कर रहे है। न्यायालय से आदेश प्राप्त करने के बाद शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम करवाने की प्रक्रिया की जाएगी।

### सेंधमारी करने वाले तीन बदमाश पकड़े

**उदयपुर,**(कासं)। सवीना थाना पुलिस ने रात के समय में सूने मकानो में सेधमारी करने वाली गैंग का खुलासा करते हुए गैंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीडित रामकुमार पुत्र कानाराम मीणा निवासी जहाजपुर शाहपुरा भीलवाड़ा हाल जयश्री कॉलोनी गोकुल विजेल सविना ने पुलिस थाने में 3 जनवरी 2024 को रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 23 दिसंबर 2023 परिवार में सामाजिक समारोह होने से गांव गया था। 1 जनवरी 2024 को लौटे तो मकान का ताला टूटा एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो चांदी के पायल, कड़े, सिक्के, गुल्लक में रखे सिक्के नकदी गायब थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी फूलचंद टेलर के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर शंकर उर्फ शेखरिया पुत्र जीवनलाल गमेती निवासी हनुमानजी के मंदिर के पास गोखर मगरी सविना, प्रवीण उर्फ पिंटिया पुत्र माधुजी गमेती निवासी राडाजी ईमित्र के पास धोल की पाटी सविना, इन्द्र उर्फ इन्द्रिया पुत्र धर्मराज भील निवासी पिपली चौक गुप्तेश्वरजी तीतरड़ी सवीना को गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड पर लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### गडकरी और सी.एम. शर्मा का स्वागत

**उदयपुर,**(का.स.)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भारतीय जनता पार्टी उदयपुर द्वारा हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया।भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी,शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराडी,सहकारिता मंत्री गौतम दक,शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा,गोगुंदा विधायक प्रताप गमेती,कपासन विधायक अर्जुन जीनगर, राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी,सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर,प्रदेश कार्य समिति सदस्य युधिष्ठिर कुमावत, जिला प्रमुख ममता कंवर पवार,उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, महापौर गोविंद सिंह टांक,उपमहापौर पारस सिंघवी,पूर्व उपसभापति महेंद्र सिंह शेखावत,पूर्व प्रधान तखत सिंह शक्तावत,शहर जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड मनोज मेघवाल देहात जिला महामंत्री दीपक शर्मा,शहर जिला कोषाध्यक्ष रवि नाहर,जिला उपाध्यक्ष अतुल चंडालिया सहित बडी संख्या में शहर देहात के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नकदी व जेवरात चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। शहरी के हाथीपोल थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान से चोर नकदी व जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हजारेश्वर कॉलोनी हाथीपोल निवासी अभय कुमार नाहर पुत्र विजयसिंह नाहर ने हाथीपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 29 जनवरी को मकान पर ताला लगा कर परिवार सहित शादी समारोह शामिल होने के बलए बाहर गया था। दो दिन पूर्व वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो 3 लाख 25 हजार रूपये नकदी तथा सोने चांदी के जेवरात गायब थे। चोरी गए जेवरात की सूचनी बाद में देने की रिपोर्ट दी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई शंभुसिंह कर रहे है।

### राजकार्य बाधा का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। प्रतापनगर थाना पुलिस ने लकडवास ग्रामवासियों के खिलाफ राजकार्य बाधा का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार लकडवास ग्राम पंचायत सचिव विनोद मैनारिया पुत्र सत्यनारायण निवासी कशीपुरी मनवा खेड़ा हिरणमगरी ने लकडवास ग्राम पंचायत के भैरूलाल, लक्ष्मीलाल, गोपाल , घनश्याम, गोपाल पुत्र बालुडांगी निवासी मोटा देवरा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि आरोपियों के कार्यालय में आकर विवाद कर राजकार्य में बाधा उत्पन्न की। इस मामले में किए गए प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला कि आरोपियों ने लकड़वास ग्राम पंचायत क्षैत्र में अवैध रूप से काटी जा रही पहाड़ियों पर रोक के लिए पंचायत कार्यालय जाकर एतराज जताया था एवं एनओसी जारी करने के संबंध में पूछताछ की थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई पर्वतसिंह कर रहे है।

### आवेदन आमंत्रित

**उदयपुर,** (कासं)। राज्य में 18 से 35 वर्ष के स्नातक युवा उद्यमियों/उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं शिक्षित युवा बेरोजगारों को अपना नवीन उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 'मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना' में आवेदन आमंत्रित किये गये है। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि योजना में नवीन उद्यम (विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार) प्रारंभ करने के लिए 18 से 35 वर्ष तक की आयु के शिक्षित युवा उद्यमियों को अधिकतम एक करोड़ रूपये तक की ऋण राषि परब्याज अनुदान एवं मार्जिन मनी अनुदान देय होगा। आवेदन की पात्रता की शर्तों के अनुसार राजस्थान के मूल निवासी न्यूनतम स्नातक स्तर के युवा पात्र होंगे।

# अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**राजसमंद,** (निसं)। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये गये 100 दिवसीय कार्य योजना के क्रियान्वयन के तहत अवेध हथियारों की तस्करी की रोकथाम व सक्रिय अपराधियों की गिरफ्तारी के विशेष अभियान के तहत एसपी सुधीर जोशी के निर्देशन में एएसपी शिवलाल बैरवा व डीएसपी दिनेश सुखवाल के सुपरविजन में जिले की खमनोर थाना पुलिस ने अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार किये।

खमनोर थानाधिकारी भवानीशंकर ने बताया कि विशेष अभियान के तहत गठित पुलिसटीम ने गांव मोलेला, उसरवास, शिशोदा,

■ एक मोटर साइकिल व चोरी की दो अन्य कारें बरामद



पुलिस ने अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ तीन आरोपियों को दबोचा।

चिकलवास से होकर सांयो का खेडा बस स्टैण्ड से आगे गजपुर जाने वाले रास्ते पर स्कूल के पास पहुँचकर नाकाबंदी शुरू की। नाकाबन्दी के दौरान आने जाने वाले वाहनो को चैक कर रहे थे तभी सांयो का खेडा की तरफ से एक बुलेट मोटर साईकिल पर तीन व्यक्ति सवार होकर आये ।जो पुलिस जाब्ते को देख नाकाबंदी स्थल से कुछ दूरी पहले ही बुलेट मोटरसाईकिल को रोक उसको मुडा कर भागने का प्रयास करने लगे, जिस पर उन पर संदेह होने पर थानाधिकारी व जाप्ते ने उक्त तीनो व्यक्तियों का पीछा कर पकड लिया।पूछताछ में पहले व्यक्ति ने अपना नाम विक्रम रेबारी पुत्र किशनलाल रेबारी निवासी बणजारी, दुसरे ने अपना नाम पारस जैन पुत्र राजेन्द्र कुमार जैन निवासी मटियाला उत्तमनगर नई दिल्ली व तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम जितेन्द्रसिंह पुत्र मनोहरसिंहचारण निवासी गांगागुडा बताया। तीनों की तलाशी ली गई तो विक्रम रेबारी के पहने हुऐ लोअर पायजामा के पीछे की तरफ कमर के पास एक देशी पिस्टल छिपा कर रखी हुई मिली जिसके अन्दर लगी मैग्जीन में एक जिंदा कारतुस मिला। कोई वैध लाईसेंस पर पिस्टल और कारतूस को जब्त किया गया।

साथ ही बुलेट मोटरसाईकिल को भी जब्त किया गया। तीनो आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान के दौरान आरोपियो को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमाण्ड लिया जाकर पूछताछ की गई जिसमें आरोपियों ने अन्य चोरी की वारदातें करना भी कबूल किया है।

जयपुर से चोरी की गई कार तथा उदयुपर सविना से चोरी की गई बोलेरे केम्पर गाडी को विक्रम रेबारी के कब्जे से बरामद कर थाना खमनोर पर लाया गया है।

### मोबाइल शॉप को बनाया निशाना

**डूंगरपुर,** (निसं)। शहर में बिछीवाडा रोड पर पॉवर हाउस के सामने चोरों ने रविवार रात एक मोबाइल शॉप के ताले तोड चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर 17 मोबाइल, एक लैपटॉप के साथ ही 16 हजार रुपए का कैश चुराकर ले गए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कोतवाली थाना में तहसील चौराहा से कुछ दूर पावर हाउस की पास मोबाइल शॉप में चोरी की वारदात हुई है। शॉप मालिक सचिन रविवार रात को शॉप बंद करके अपने घर गया था। रात के समय चोरो ने उसकी मोबाइल शॉप को निशाना बनाया और शॉप के ताले तोड दिए। चोर दुकान में घुसे और सामान बिखेर दिया। साथ ही 1० नए मोबाइलए रिपेअर के लिए आये 7 मोबाइलए एक लैपटॉप चोरी कर लिया। काउंटर में रखी करीब 16 हजार की नगदी भी चुरा ली।

# जेवरात व नकदी हड़पने वाला तांत्रिक गिरफ्तार

**उदयपुर,**(कासं)। प्रतापनगर थाना पुलिस ने तंत्र विद्या जरिये पीडित से सोने के जेवरात व नकदी की ठगी करने वाले तांत्रित को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने बताया कि 8 फरवरी 2024 को प्रतापनगर थाना पुलिस ने पीडित भंवरलाल भाटी पुत्र देवीलाल निवासी त्रिपुरा बिहार न्यु आशापुरा कॉलोनी बेडवास की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया था। जिसमें पीडिता ने बताया कि मेरी पुत्री के बीमार होने की सूचना मिलने पर मै उसे ससुराल से घर लाया। जहां मेरी मुलाकात रूपेश पुत्र गुलाबजी सुथार से हुई। जो तंत्र, मंत्र, जादू टोना करने में माहिर है। उसने पुत्री का तंत्र विद्या से उपचार करने की बात कही। आरोपी मेरे घर आया तथा पुत्री को देख कर किसी बुरी प्रेत आत्मा की चपेट में आने की जानकारी दी। समय पर उपचार नहीं करने पर पुत्री के हाथ से निकलने तथा बचाने के लिए मै कहू वैसा करने की बात कही। बातची के दौरान उसने 11 हजार 111 रूपये मांगे।

विश्वास कर नकदी का भुगतान कर दिया तथा उसके कहे अनुसार पुत्री व परिवार जनों के सोने के जेवरात भी उसे सौंप दिए। जिसकी पूजा करने के एक माह बाद लौटाने की बात कहते हुए जेवरात ले गया। कुछ दिनों बाद वह 51 हजार रूपये ले गया। कुछ समय बाद नकदी व जेवरात मांगने पर टालमटोल करना शुरू कर दिया।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत के निर्देशन में हेडकांस्टेबल भारतसिंह, नरपतसिंह मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रूपये सुथार पुत्र गुलाबजी सुथार निवासी लवाणा कांकरोली राजसमंद को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

# महिला जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**उदयपुर** (कासं)। दत्तोंपंत ठेगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड एवं जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को विद्यापीठ के जनभारती सामुदायिक केन्द्र कानपुर सेंटर पर महिलाओं की जागरूकता के लिए आयोजित अल्पावधि प्रशिक्षण प्रोग्राम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने बताया कि महिलाओं को देवी का रूप माना गया है, महिलाएं प्राचीन समय से ही सशक्त है आवश्यता है इन्हे प्रोत्साहन देने की।

पुरूष प्रधान समाज ने इन्हे आगे बढ़ने का अवसर ही नहीं दिया। महिलाएँ आज हर क्षेत्र में पुरूषों से आगे है चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या रोजगार के अवसरों का। महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है। महिला सशक्त होने पर पूरा परिवार सशक्त होता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी समाज की प्रगति के बारे में



महिला जागरूकता शिविर को कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

जानना है तो उस समाज में महिलाओं की स्थिति के बारे में जानना होगा, क्योकि ये आधी आबादी का हिस्सा हैं।प्रमुख वक्ता श्रमिक शिक्षा बोर्ड के रिजनल डायरेक्टर जगदीप सिंह कौर ने केन्द्र सरकार की ओर से महिलाओं के लिए जारी की गई लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि वे अधिक से अधिक इन योजनाओं का लाभ उठा आत्म निर्भर बन सकती है। इन योजनाओं पर सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जाती है।

### विद्यालय परिसर में लगाये 50 पेड़

**राजसमंद,** (निसं)। श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान द्वारा संचालित जागृति उच्च माध्यमिक विशिष्ट विद्यालय में अध्ययनरत् एवं आवासीय दिव्यांग बच्चों (मानसिक विमंदित, सेरेब्रल पाल्सी एवं श्रवण बाधित) एवं स्टॉफ द्वारा परिसर के चारों तरफ वृक्षारोपण ट्री गार्ड सहित किया गया।जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लि. द्वारा 50 पेड (अशोक, नीम, गुलमोहर, देवल ) व शकुन्तला अग्रवाल की तरफ से 50 ट्री-गार्ड प्रदान किये गये। जेके प्रबंधक ऋषिपाल के मार्गदर्शन में पेड लगाये गये।पौधारोपण का प्रारम्भ मुख्य महा प्रबन्धक (कार्पोरेट एचआर)नई दिल्ली सुधांशु पाठक, मुख्य महा प्रबंधक (वाणिज्यिक)अनिल मिश्रा,राकेश श्रीवास्तव एवं समाजसेवी शकुन्तला अग्रवाल ने बच्चों के साथ पौधारोपण प्रारम्भ किया गया। संचालन अनिता परियानी एवं चंदन कंवर ने किया। शारदा यादव, शारदा शर्मा, पिन्टू मेहता, कैलाश, उमेश भांड, सुनील चन्देल, अंजु भटनागर, ओमप्रकाश, रतन, कृष्णा, शशि बाई और सभी विशेष बालक/बालिकाओं एवं स्टॉफ ने पूर्ण सहयोग प्रदान कर किया।

# जिला परिषद द्वारा स्वच्छ भारत कार्यों की प्रगति रिपोर्ट जारी

**उदयपुर/ बांसवाडा,** (कासं)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का द्वितीय चरण भारत सरकार के स्वच्छता एवं पेयजल मंत्रालय के अधीन जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्थान राज्य में भी यह अभियान पूरी गति के साथ संचालित हो जा रहा है, जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा और

■ ग्राम पंचायतें राष्ट्रीय सर्वेक्षण में बनेगी स्वच्छता में सिरमौर : के.के. गुप्ता

ग्रामीण विकास विभाग मंत्री मदन दिलावर द्वारा की जा रही है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान सरकार द्वारा नियुक्त प्रदेश समन्वयक केके गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अवगत कराया कि, उनके द्वारा जिला डूंगरपुर, उदयपुर, सलूंबर, प्रतापगढ और बांसवाडा में संबंधित जिला कलेक्टर के साथ में स्वच्छ



के.के. गुप्ता

भारत मिशन की बैठके ली गई है। बैठक में दिए गए दिशा निर्देश के अनुरूप संबंधित अधिकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा अपने-अपने जिले के सभी पंचायत समिति स्तर पर ग्राम पंचायत का चयन किया गया है।

इन चयनित ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले समस्त राजस्व गांव में स्वच्छ भारत के कार्य शुरू भी कर दिए गए हैं।

जिला बांसवाडा अंतर्गत जिला परिषद द्वारा स्वच्छ भारत कार्यों की प्रगति रिपोर्ट जारी की गई है। इसके अनुसार बांसवाडा जिले में चयनित सभी ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है और निश्चित रूप से यह ग्राम पंचायत राजस्थान प्रदेश में मॉडल पंचायत बनने की ओर अग्रसर हो रही है।जिला परिषद बांसवाडा द्वारा जारी की गई प्रगति रिपोर्ट के अनुसार पंचायत समिति आनंदपुरी की ग्राम पंचायत फलवा, पंचायत समिति अरथूना की ग्राम पंचायत कोटडा, पंचायत समिति बागीदौरा की ग्राम पंचायत करजी, पंचायत समिति बांसवाडा की ग्राम पंचायत कटियौर, पंचायत समिति छोटी सरवन की ग्राम पंचायत दानपुर, पंचायत समिति गांगड तलाई की ग्राम पंचायत गडूली, पंचायत समिति गढी की ग्राम पंचायत पालोदा, पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत घाटोल, पंचायत समिति कुशलगढ की ग्राम पंचायत पोटलिया, पंचायत समिति सज्जनगढ की ग्राम पंचायत छोटा डूंगरा और पंचायत समिति तलवाडा की ग्राम पंचायत बोरवट में आम जनता को कचरा नहीं फैलाने और साफ सफाई रखने की सलाह दी जा रही है।

आईईसी गतिविधियों के तहत संदेश भेजना और नारा लेखन तथा स्लोगन आदि सार्वजनिक दीवारों पर लिखे गए हैं। प्रत्येक गांव में प्रत्येक घर और दुकान में जिला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही घर और दुकानों में कचरा पात्र रखने के लिए भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। घर और दुकान से निकलने वाले प्लास्टिक संग्रह के लिए बैग वितरण कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। गांव में स्वच्छता को अपनाने और कचरा सडक पर नहीं फेंकने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है इसके साथ ही प्लास्टिक को भी बाहर नहीं फेंकने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में स्वच्छता जागरूकता रैलियां भी निकाली गई है।

# भजन संध्या का आयोजन

**राजसमंद,** (निसं)। शहर के कांकरोली में बालकृष्ण विद्याभवन राउमावि परिसर स्थित बालाजी महाराज और राडाजी महाराज मंदिर पर रविवार रात को आयोजित विराट भजन संध्या में कलाकारों की मधुर बेहतरीन प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु श्रोता भक्ति के सागर में ऐसे डूबे कि कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।श्री हनुमंत राडाजी मित्र मंडल के सान्निध्य में आयोजित भक्ति संध्या का शुभारंभ गायक चेतन ने गणपति वंदना गजानंद महाराज पधारो कीर्तन की तैयारी है...., प्रस्तुत करके किया। इसके बाद उन्होंने गुरु वंदना सतगुरु मारा राम राम थारे भरोसे चाल रिया...., प्रस्तुत करते हुए गुरु के चरणों में वंदन किया। इसके बाद उन्होंने बालाजी महाराज को नमन करते हुए लाल लंगोटो हाथ में गोटो थानें सुमिरां पवन कुमार बजरंग बालाजी...., रचना पेश की बालाजी के भक्त स्वयं को रोक नहीं पाए और खूब झूमकर भावनृत्य किया। कार्यक्रम की अगली कडी में झीलों की नगरी उदयपुर से आई गायिका मधुबाला राव ने दुनिया में देव हजारों हैं,भजन पेश करके अपनी गायकी की छाप छोडी।


**सूचना**

स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, राजस्थान के पत्र क्रमांक**F1(4)SEIAA/SEAC-RAJ/SECTT/PROJECT/CAT.1B2 (23936)/ 2023-24/Jaipur** दिनांक 05/02/2024 द्वारा मैसर्स मुन्डन कन्सट्रक्शन कम्पनी पार्टनर श्री तन्नाराम पुत्र श्री गोरा राम, निवासी 250, न्यु बस्ती, पाल गांव जोधपुर के पक्ष में स्वीकृति खनन पट्टा संख्या (प्लोट नम्बर 143/2022) क्षैत्रफल 2.3165 हैक्टर, निकट ग्राम बागाखेडा, तहसील देवगढ़,जिला राजसमन्द के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी कि गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल (राज.)(SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बधित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

**सूचना**

स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, राजस्थान के पत्र क्रमांक**F1(4)SEIAA/SEAC-RAJ/SECTT/PROJECT/CAT.1B2 (23821)/ 2023-24 /Jaipur** दिनांक 12/1/2024 द्वारा श्री तन्मय सिघंवी पुत्र श्री निमिष सिघंवी, निवासी 15 न्यु, ग्लास फैक्ट्री कालोनी सुन्दरवास, उदयपुर के पक्ष में स्वीकृत खनन पट्टा संख्या (प्लोट नम्बर 142/2022) क्षैत्रफल 2.9754 हैक्टर, निकट ग्राम बागाखेडा, तहसील देवगढ़, जिला राजसमन्द के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी कि गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बधित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

**सूचना**

स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, राजस्थान के पत्र क्रमांक**F1(4)SEIAA/SEAC-RAJ/SECTT/PROJECT/CAT.1B2 (23820)/ 2023-24/ Jaipur** दिनांक 12/1/2024 द्वारा श्री तन्मय सिघंवी पुत्र श्री निमिष सिघंवी, निवासी 15 न्यु, ग्लास फैक्ट्री कालोनी सुन्दरवास, उदयपुर के पक्ष में स्वीकृत खनन पट्टा संख्या (प्लोट नम्बर 140/2022) क्षैत्रफल 2.3239 हैक्टर, निकट ग्राम बागाखेडा, तहसील देवगढ़, जिला राजसमन्द के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी कि गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बधित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त**
**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत, उदयपुर**
( RHB Office Building पारस तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001 )
क्रमांक:-उप.आ.आ./वृत्त-उदय/2023-24/1981
दिनांक:-5.2.2024

**-:जाहिर आम सूचना ( मृत्यु पश्चात ):-**

आवास संख्या 4/413, गोवर्धन विलास आवासीय योजना ,उदयपुर का आवंटन श्रीमती पार्वती देवी पत्नी श्री राजेश कुमार सोनी किया गया था जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5146 दिनांक 19.12.1991 द्वारा जारी कर कब्जा दिनांक 27.02.1992 को दिया गया। श्रीमती पार्वती देवी पत्नी श्री राजेश कुमार सोनी ने उक्त आवास का बैचान दिनांक 14.10.2000 को श्रीमती लीला पाल पत्नी स्व.श्री गोपाल सिंह पाल को किया गया।

श्रीमती लीला पाल पत्नी स्व.श्री गोपाल सिंह पाल की मृत्यु दिनांक 20.11.2018 को हो जाने के पश्चात उनके पुत्री श्रीमती रूबीपाल पुत्री स्व.श्री गोपाल सिंह पाल, श्रीमती हेमलता गायरी पुत्री स्व.श्री गोपाल सिंह पाल एवं श्री इन्द्र सिंह पाल पुत्र स्व.श्री गोपाल सिंह पाल ने मृतक के कानूनन उत्तराधिकारी होने का दावा करते हुये उक्त आवास का नाम प्रतिस्थापन एवं नियमितिकरण संयुक्त रूप से अपने पक्ष में करने हेतु मण्डल में आवेदन किया। श्रीमती रूबीपाल पुत्री स्व.श्री गोपाल सिंह पाल, श्रीमती हेमलता गायरी पुत्र स्व.श्री गोपाल सिंह पाल एवं श्री इन्द्र सिंह पाल पुत्र स्व.श्री गोपाल सिंह पाल ने प्रार्थना पत्र ,आवश्यक प्रपत्र एवं शपथ-पत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को संयुक्त रूप से उनके नाम कर दिया जावें।

अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपित्त नहीं होने के कारण आवास संख्या 4/413, गोवर्धन विलास आवासीय योजना उदयपुर का कानुनी उत्तराधिकारी मानकर श्रीमती रूबीपाल पुत्री स्व.श्री गोपाल सिंह पाल, श्रीमती हेमलता गायरी पुत्र स्व.श्री गोपाल सिंह पाल एवं श्री इन्द्र सिंह पाल पुत्र स्व.श्री गोपाल सिंह पाल के पक्ष में संयुक्त रूप से हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में नाम प्रतिस्थापन एवं नियमितिकरण कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-उदयपुर

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**
क्रमांक : F.11( )Regin-II/Shobhagpura/2024/2468
दिनांक:12.2.24

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम शौभागपुरा के खसरा संख्या 904,906,907, 910, 958,959, 1447/883, 1446/884,1445/884, 1468/884 के योजना प्लान में स्थित भूखण्ड संख्या 5 क्षैत्रफल 1130 वर्गफीट का आवंटन/पट्टा जारी करने हेतु श्री रजनी मोटावत व श्रीमती रेखा बया द्वारा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। न्यास सर्वेदल की रिपोर्ट अनुसार उक्त भूखण्ड में खसरा संख्या 912 की 382 वर्गफीट प्राधिकरण के स्वामित्व की भूमि सम्मिलित है।

अत: वर्णित भूखण्ड मय प्राधिकरण की भूमि का आवंटन/पट्टा आवेदकों के पक्ष में किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति/फर्म इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में इस कार्यालय को प्रस्तुत करावें, अन्यथा इस अवधि उपरान्त पट्टा विलेख आवेदक के पक्ष में जारी किया जावेगा।

( मनसुखराम डामोर )
भूमि अवाप्ति अधिकारी
उदयपुर विकास प्राधिकरण,उदयपुर

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**
क्रमांक : F.11 ( ) Regin-II/Ayad/2024/2469
दिनांक:12.2.24

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम आयड़ के खसरा संख्या 783 की भूमि का धारा 90-क के तहत आदेश दिनांक 21.05.2016 को जारी होकर आवासीय प्रयोजनार्थ प्लान अनुमोदित है। उक्त अनुमोदित प्लान में स्थित भूखण्ड पर पहुंच मार्ग हेतु प्राधिकरण की भूमि में से 1470 वर्गफीट दिये जाने का निर्णय न्यास की ले-आउट प्लान समिति की बैठक दिनांक 05.06.15 में लिया गया। 90-क के आदेश में वर्णित खातेदार श्री प्रतापसिंह सुराणा की मृत्यु हो जाने से इनके वारिसानों द्वारा श्रीमती शकुन्तला पत्नी प्रताप सिंह सुराणा के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 06.01.2020 अनुसार पट्टा जारी कराना चाहा गया है। अत: पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर वर्णित भूमि में अविभाजित 1/2 हिस्सा भूमि का श्रीमती शकुन्तला सुराणा के पक्ष में आवंटन/पट्टा जारी किया जाना है।

अत: वर्णित आराजियात में स्थित भूखण्ड में 1/2 वां हिस्सा भूमि का आवंटन/पट्टा श्रीमती शकुन्तला सुराणा के पक्ष में किये जाने एवं प्राधिकरण की भूमि में से पहूंच मार्ग हेतु 1470 वर्गफीट भूमि आवेदकों को आवंटन किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति/फर्म इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में इस कार्यालय को प्रस्तुत करावें, अन्यथा इस अवधि उपरान्त पट्टा विलेख आवेदक के पक्ष में जारी किया जावेगा।

( मनसुखराम डामोर )
भूमि अवाप्ति अधिकारी
उदयपुर विकास प्राधिकरण,उदयपुर

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
उदयपुर ( मुख्य ) शाखा, पोस्ट बॉक्स नं. 11, टाउन हॉल, उदयपुर-313001 ( राजस्थान ), फोन नं.: 0294-2410226, 2422148, 2420671, 2421673 ई-मेल: udaipu@bankofbaroda.com

**प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8( 1 ) देखें]**
**कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति के लिए )**

जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( 2002 का अधिनियम संख्यांक 54 ) के अंतर्गत और धारा 13( 12 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री विजय कुमार वाधवा पुत्र श्री बालू राम वाधवा, सह-ऋणी श्री सुनील वाधवा पुत्र श्री बालू राम वाधवा एवं जमानतदार श्री किशोर चौतरानी पुत्र श्री कैलाश चौतरानी** पर मांग सूचना **दिनांक 16.11.2023** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 11.11.2023 को बकाया राशि रू. 4,61,931.61 ( रूपये चार लाख इकसठ हजार नौ सौ इकतीस एवं पैसे इकसठ मात्र ) ( दिनांक 11.11.2023 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 07, माह फरवरी, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 11.11.2023 को बकाया राशि रू. 4,61,931.61 ( रूपये चार लाख इकसठ हजार नौ सौ इकतीस एवं पैसे इकसठ मात्र ) ( दिनांक 11.11.2023 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, उदयपुर ( मुख्य ) शाखा, पोस्ट बॉक्स नं. 11, टाउन हॉल, उदयपुर, राजस्थान 313001** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री विजय कुमार वाधवा पुत्र श्री बालू राम वाधवा एवं श्री सुनील वाधवा पुत्र श्री बालू राम वाधवा के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 57, ब्लॉक-बी, प्रताप नगर, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 792 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर:यूनिवर्सिटी भूमि, दक्षिण: रोड़ 30 फीट, पूर्व: प्लॉट नं. 56, पश्चिम: प्लॉट नं. 58
हस्ता.
दिनांक: 07.02.2024 ( मुकेश कुमार फुलवारी )
स्थान: उदयपुर मुख्य प्रबन्धक एवं प्राधिकृत अधिकारी

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**
क्रमांक: F7(12)PLAN/LANDUSE/2024/445-446 **आम-सूचना** दिनांक 12/2/2024

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद / व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञयं किये जाने के संबंध में प्रदत्त आदेशों / परिपत्रों की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/ योजना | खसरा संख्या / ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती रूपा देवी पत्नी श्री मोतीलाल कच्छारा | भुवाणा | 3434, 3435 | 02 | 2400.00 वर्गफीट | शोभागपुरा चौराहे से भुवाणा प्रतापनगर बाईपास को जाने वाली 100 फीट सड़क पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ |
| 2. | श्रीमती मदन कुवर पत्नी श्री महेन्द्र सिंह | आयड, पारडा | 31/1. 37/1, 38/1. 38/2, 1/2 | 71 | 2247.00 वर्गफीट | न्यू आर.टी.ओ. ऑफिस से युनिवर्सिटी जाने वाली 80 फीट सडक पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ |
| 3. | श्रीमती दिपा खतुरिया पत्नी श्री नानकराम खतुरिया | सेन्ट्रल एरिया आवासीय योजना | ब्लॉक-ए | 78 | 1859.00 वर्गफीट | परशुराम चौराहे से गारीयावास जाने वाली 60 फीट सडक पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ |
| 4. | श्री राजेन्द्र कुमार जैन पिता श्री रतनलाल जैन, श्री ललित कुमार शाह पिता श्री रतनलाल जैन | सविना खेडा | 1184 से 1187 | 12 | 5314.25 वर्गफीट | गोवर्धन विलास से मिराज मॉर्निंग कॉम्पलेक्स को जाने वाली 100 फीट सडक पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो न्यास कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव,
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

## सार-समाचार

### विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**मंडफिया,** (निसं)। तालुका विधिक सेवा समिति मंडफिया के अध्यक्ष न्यायाधीश हिमांशु मीना के निर्देशानुसार महात्मा गांधी विद्यालय मंडफिया (सांवलिया जी )में बाबूलाल मावलिया की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। पैरा लीगल वालंटियर गोकुललाल बागोरिया ने शिविर का संचालन करते हुए विद्यार्थियों को लिंग चयन निषेध अधिनियम 1994 के बारे में बताते हुए कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम की कानूनी जानकारी दी। बालिकाओं को पोक्सो अधिनियम 2012 एवं बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में विस्तृत जानकारी कराते हुए बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल विवाह करने पर दंड एवं जुर्माना के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा बाल- श्रम निषेध अधिनियम 1986, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 एवं दहेज प्रताड़ना की रोकथाम हेतु धारा 498 ए के बारे में बताया। बच्चियों को गुड -टच एवं बेड -टच के बारे में बताते हुए चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की महत्ता बताई। इसके अलावा बालकों को कानूनी अधिकार के बारे में जानकारी दी तथा शांति भंग करने पर धारा 151 एवं शराब पीकर उत्पाद मचाने पर धारा 60 के बारे में जानकारी दी। भरण - पोषण अधिनियम एवं लोक अदालत, मृत्यु भोज एवं वृद्धों की सुरक्षा हेतु एल्डर हेल्पलाइन नंबर 14567 के बारे में जानकारी दी। शिविर में विद्यालय की अध्यापिका किरण बंडी, सुनीता सालवी, आरती तिवारी, पूजा सक्तावत एवं शिक्षक प्रवीण सैनी उपस्थित रहे।अंत में दी गई कानूनी जानकारी पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुआ जिसमें सबसे पहले सही उत्तर देने वाली कुमकुम वैष्णव, भावना रेगर, किरण रेगर, प्रियंका साहू, सुनीता जाट, ममता शर्मा, प्रीतिका शर्मा, पूजा तेली, निलेश मेघवाल तथा उदय राज माथुर को विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका प्रमिला कृष्णिया के हाथों पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

### वीणा रागिनी का जिला स्तर पर सम्मान

**राजसमंद,** (निसं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं शिक्षा विभाग के सौजन्य से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का जिला स्तरीय सम्मान समारोह सोमवार को गायत्री शक्तिपीठ राजसमंद में आयोजित हुआ।कार्यक्रम में राजसमंद की बेटी वीणा वैष्णव रागिनी पिता गोवर्धन दास वैष्णव पूर्व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अध्यापिका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फरारा को शैक्षिक एवं सह शैक्षिक कार्यों में विशेष योगदान रहने से इनका सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार जी गग्गड़ मुख्य अतिथि राकेश जी तैलंग व विशिष्ट अतिथि पृथ्वी सिंह जी ,भंवर जी, रमेश जी कंसारा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिले के 26 शिक्षकों का सम्मान किया गया तथा जिला स्तर पर ब्लॉक पर आए प्रथम विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथि गिरजा शंकर जी पालीवाल मोहन जी गुर्जर , रामचंद्र जी वैष्णव आदि उपस्थित थेकार्यक्रम का संचालन पुष्पा पालीवाल द्वारा किया गया।

### बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह

**देवगढ़,** (निसं)। देवगढ़ न्यायालय परिसर में सोमवार को बार एसोसिएशन देवगढ़ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में देवगढ़ बार एसोसिएशन के नवीन कार्यकारिणी सदस्यों ने वर्ष 2024 का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेंद्र भीम देवगढ़ विधानसभा के विधायक हरि सिंह रावत,एडीजे राजसमंद ,एसडीएम रविकांत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शोभा लाल रेगर सभी ने मिलकर नवीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष नारायण सिंह काछबली ,उपाध्यक्ष यशवंत सिंह रावत ,कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह दिवेर, सचिव चंदा तिवारी को अपने अपने पदों पर निष्ठा पूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई ,इस मौके पर बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता शांतिलाल जैन, तरुण मेवाडा गोविंद कंसारा सुनील सिंह, करूंण देव सिंह,उम्मेद गर्ग ,जगदीश मेवाड़ा ,लादू नाथ योगी , नरेश जोशी,सागर सिंह ,गुड्डू भाई पुखराज सिंह ,रोहित सिंह ,भवानी सिंह ,राजकुमार सालवी विजय मेवाड़ा ,लुम्ब सिंह राजेंद्र नाथ,प्रकाश सिंह, राजेन्द्र नाथ ,प्रलाद सिंह,विजय पानेरी ,राजेश समदानी, सुरेश जोशी, सभी अधिवक्ता और इस मौके पर समाज के गणमान्य नागरीकरण भी उपस्थित रहे।

### सुन्दरकाण्ड पाठ आज

**बांसवाड़ा,** (निसं)। श्रीराम चरित मानस मण्डल के तत्वावधान में आज मंगलवार को सायं 6 बजे किशनपोल गेट के पास स्थित खोडियार माता मन्दिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया जायेगा। भक्ति संगीत और प्रभु कीर्तन के आयोजन के उपरान्त महाआरती व प्रसादी के कार्यक्रम होंगे। मण्डल अध्यक्ष महेश पंचाल व महामंत्री अमृतलाल पंचाल ने बताया कि मानस पारायण में मण्डल के महेश पंचाल, अमृतलाल पंचाल, राजेन्द्रप्रसाद कुलश्रेष्ठ, विनोदप्रसाद जोशी, नरहरिकान्त भट्ट, नलिनीकान्त चौबीसा, रमाकान्त जोशी, दीपक पुरोहित, अशोक पालीवाल, देवेन्द्र दोसी, देवपाल मिश्रा, केशव पंचाल, अशोक पंचाल, शंकरलाल अठावाल, शैलेष श्रीमाल, होशीलाल पंचाल, प्रदीप द्विवेदी, जगदीश पंचाल, रामलाल कटारा एवं मण्डल सदस्य सहयोग प्रदान करेंगे। प्रभारी नलिनीकान्त चौबीसा ने बताया कि पारायण के मुख्य यजमान पुष्पा चौरसिया परिवार होंगे।

### गरासिया को प्रत्याशी बनाए जाने पर हर्ष

**बांसवाड़ा,** (निसं)। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री चुन्नीलाल गरासिया को भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने राजस्थान से राज्यसभा सांसद प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। भाजपा जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल ने बताया कि बताया कि भाजपा ने 1994 में जनजाति वर्ग से वर्तमान सांसद कनकमल कटारा को राज्यसभा से सांसद बनाया था और अब जिले के बागीदौरा क्षेत्र के उबली के गरासिया का राज्यसभा के लिए चयन कर जनजाति वर्ग एवं वागड़ वासियों सहित वागड़-मेवाड़ का गौरव बढ़ाया है।

# भीम उपजिला चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं का आलम

**भीम,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उप जिला चिकित्सालय बने 2 वर्ष हो गए पीएमओ स्तर का अस्पताल होने के बावजूद अव्यवस्थाओ का आलम है। जमीनी स्तर पर इलाज की सुविधाओं आदि व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं आया है। छोटी मोटी परेशानी में भी ब्यावर रैफर करते है। वर्तमान में 500 से 700 प्रतिदिन का आउटडोर है। मरीजों की काफी भीड़ रहती है तथा मरीजों की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है तकरीबन सभी वार्ड में रोगी भर्ती है लेकिन रोगियों हेतु अलग-अलग डिपार्टमेंट के भवन थिएटर व अन्य संसाधन उपलब्ध नहीं होने से रोगियों व भर्ती मरीजों के परिजनों को तकलीफ का सामना करना पड़ता है।




भीम उपजिला चिकित्सालय में व्यवस्थाएं नहीं होने से मरीज हो रहे परेशान।

> ■ भीम उप जिला चिकित्सालय में वर्तमान में करीब 21 चिकित्सक एवं नर्सिंगकर्मी आदि का स्टाफ सेवारत है

जबकि भीम का सरकारी अस्पताल मुख्यालय चार जिलों की सीमा पर स्थित होकर सर्वाधिक आवाजाही एवं दुर्घटना के लिहाज से अति संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है। भीलवाड़ा जिले के करेडा व आसींद क्षेत्र में बसे लोग , अजमेर जिले के टांडगढ व जवाजा क्षेत्र वहीं पाली जिले के कुछ ग्राम पंचायत के लोगों की सर्वाधिक आबादी वाला केंद्र भी रहा है।ऐसे में भीम अस्पताल का जिला मुख्यालय की तर्ज पर सर्वांगीण विकास होना जरूरी है। जहां पर्याप्त सुविधाएं व सेवाएं उपलब्ध रहे जिससे चार जिलों की सीमा में बसे लाखों परिवारों का कायाकल्प हो। वही स्थान के अभाव में रोगियों घायलों को ब्यावर रैफर करना पड़ता है। राजसमंद जिला मुख्यालय से भीम 100 किलोमीटर दूर एवं ब्यावर 70 किलोमीटर दूर है। अन्य कोई विकल्प नहीं होने की स्थिति में दुर्घटना में घायल लोगों की मृत्यु हो जाती है। समय पर उपचार नहीं मिल पाता है उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सुविधाओं की घोषणा होने पर भी वह अभी तक सुचारू नहीं हो पाई है। इतने वर्षो में ट्रॉमा अस्पताल में ब्लड बैंक यूनिट डिजिटल ईसीजी आदि स्थापित नहीं हो सकी। भीम उप जिला चिकित्सालय में वर्तमान में करीब 21 चिकित्सक एवं नर्सिंगकर्मी आदि का स्टाफ सेवारत है ।ऐसे में चिकित्सकों के बैठने के हेतु पर्याप्त कमरों का अभाव है।तकरीबन एक कमरे में चार-पांच डॉक्टर बैठते हैं ।जिससे मरीजों को देखने में एवम उनकी जांच करने में चिकित्सकों व मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एवं नागरिकों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है।उपजिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी डिजिटल एक्स-रे ब्लड बैंक यूनिट की व्यवस्था नदारद है।

सोनोग्राफी गर्भवती प्रसूताओं हेतु है यह कहकर अन्य लोगों को इसके लाभ से वंचित कर दिया जाता है। तथा ऐसे लोगों को मुंह मांगे कीमत पर निजी क्लिनिको में सोनोग्राफी करने को कहा जाने से निजी चिकित्सालय चांदी कूट रहे हैं। वही अमूमन आधे समय सोनाग्राफी मशीन बंद रहती है खराब होने का बहाना कर टरका दिया जाता है जिससे वह हायर सेंटर पर जाने को मजबूर होता है।उप जिला चिकित्सालय के द्वारा के भीतर प्रवेश करते ही दुपहिया वाहन एवं कार आदि वाहनों के भारी जमावड़े से एंबुलेंस खड़ी होने तक की जगह नहीं होती है। कई बार मरीजों को सड़क से ही स्ट्रक्चर पर डालकर अंदर ले जाना होता है या हाथों में उठाकर अंदर ले जाना पड़ता है परिसर में निजी वाहनों का अंबार लगा रहता है।

विधायक हरि सिंह रावत का कहना है कि अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने को लेकर मेरा पूर्व में भी प्रयास रहा है और मेरे कार्यकाल के दौरान सैटेलाइट अस्पताल बनाने के लिए जमीन भी नंदावट में अलॉट करवाई थी। लेकिन राजनीतिक षडयंत्र पूर्वक कुछ लोगों ने धरना प्रदर्शन कर अस्पताल के विकास में बाधाएं पहुंचाई। मेरे इस कार्यकाल में भी अस्पताल को जिला अस्पताल बनाने का प्राथमिक कार्य है इसके लिए मैंने जिला कलेक्टर से वार्ता कर जमीन आवंटन के लिए प्रस्ताव तैयार कर कार्यवाही करने की एवं धरातल पर विकास को गति प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ की है।

### एक गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। बैकरिया थाना पुलिस ने पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान 14 वर्ष पूर्व आगजनी, तोडफोड़, मारपीट के मामले में फरार स्थाई वारंटी सोमाराम गरासिया निवासी मेवाड़ों का मठ बैकरिया को गिरफ्तार किया।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**राजसमंद,** (निसं)। पीएम श्री योजना अन्तर्गत शहर के पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य श्री घनश्याम मीनाने जानकारी दी की सोमवार को इस विद्यालय में एनीमिया मुक्त कार्यक्रमके तहत विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों का हेल्थ चेकअप किया गया। दो दिवसीय इस हेल्थ कैम्प में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने छात्र/छात्राओ की स्वास्थ्य की जॉच की व दवाईयॉ दी। इस दौरान खण्ड मुख्य चिकित्सा अधीक्षक राजसमन्द डॉ. राज कुमार खोलियाएवं उनका दल सदस्य अनिता पालीवाल व धापू कुंवर, एएनएम एवंस्थानीय विद्यालय की स्टाफ नर्स ललिता नोगिया मौजूद थे।

# केटल शेड के नाम पर पंचायत समितियों में भ्रष्टाचार का अम्बार

**डूंगरपुर,** (निसं। प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी कहें या मौन स्वीकृति जिले की पंचायत समितियों में आम जन के जीवन को उपर उठाने के लिए तथा गरीब वर्ग को आर्थिक रूप से संबल बनाने के उदेश्य से आने वाली योजनाओ को जिस तरह से विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मिलकर अपने निजी हितों को सर्वोपरि मानकर राशि का दुरूपयोग कर रहे है और इसके चलते आम जनता को तो योजनाओं के लाभ से कौसों दूर रखा जाता है। और आने वाली राशि का समायोजन के लिए पंचायत समितियों में बैठे कार्मिक ही अपने परिजनो के नाम से फर्मे बनाकर पैसा उठा लेते है मजे की बात तो यह है कि इस खेल में राज्य सरकार के अधिकृत कर्मचारियो के अलावा संविदा कर्मी जो कि जिले से 400 किलोमीटर दूर के होने के बावजूद भ्रष्टाचार के आखण्ड में इस कदर हिलौरे ले रहे है कि अब वे यहां से जाने की भी नहीं सोच रहे है और अपना आशियाने भी यहां पर बना चुके है जब कि संविदा कर्मी के रूप में लगे तकनीकी सहायक जिनका मानदेय मासिक 20 से 25 हजार है। और आज वे करोडों की कोठियों व जमीनों के मालिक बन चुके है। और इस खेल में राजीविका मिशन उनके लिए वरदान साबित हो रहा है यदि जिले की डूंगरपुर, दोवडा सहित राजीविका मिशन के लिए अधिकृत पंचायत समितियों में केटल शेड, भूमि समतलीकरण, मेडबंदी सहित सभी कार्यो की जांच कराई जाये तो धरातल पर तो यह कार्य शून्य पाये जायेगे लेकिन कागजी कार्यवाहियों में पूर्ण होकर कर करोडों की राशि का घोटाला उजागर होगा,लेकिन इस ओर जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं नहीं दिया है।

> ■ कर्मचारी अपनी ही फर्मे बनाकर पैसे का कर रहे दुरूपयोग

पंचायत समिति डूंगरपुर अंतर्गत राजिविका में कराए गए कार्यो में काफी भ्रष्टाचार है जिसमें कई कार्य ऐसे हैं जो दो बार स्वीकृत हुए हैं और दो बार इसका भुगतान उठाया जा चुका है और कई काम ऐसे हैं जिसमें राशि उठा ली गई है और मौके पर काम नहीं है और राजीविका में कार्यरत सीटीए जो लगे हुए हैं उन्होंने अपने खुद के नाम से फर्म बनाकर भुगतान उठा लिया है और उसमें कई तरह की आनियमितता हो रही हैं जिसकी जांच अति आवश्यक है यदि इसकी जांच की जाए तो कई अधिकारी कर्मचारी संदेह के घेरे में आ सकते हैं एवं राजीविका अंतर्गत केटल शेड बनाने हेतु कारीगर के जो भुगतान उठाए गए हैं वह एक ही व्यक्ति के द्वारा उठा लिया गया है जो व्यक्ति ठेकेदार है उसी के नाम से भुगतान उठाया गया है और यह पूरा कार्य पंचायत समिति डूंगरपुर के लेखा शाखा में कार्यरत कार्मिक द्वारा किया जा रहा है इस राजीविका के श्रमिक भुगतान कारीगर भुगतान बिलों का भुगतान इत्यादि की जांच की जावे एवं मौके पर कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जावे साथ ही राजीविका में जो कार्य कराए जा रहे हैं वह चुनिंदा फर्मो से ही कराए जा रहे हैं जिससे कई तरह का भ्रष्टाचार फैल रहा है एवं दो.तीन व्यापारियों को लाभान्वित करने के लिए ऐसा किया जा रहा है जबकि ग्राम पंचायत से स्वीकृत केटल शेड कम राशि में बनते हैं और राजीविका से बने केटल सेट अधिक राशि में बनाए जा रहे हैं केटल शेड के साथ.साथ भूमि समतलीकरण मेडबंदी इत्यादि कार्य भी लिया जा रहा है लेकिन उनके द्वारा ना तो मेडबंदी हो रही हे और ना ही भूमि समतलीकरण किया जा रहा है केवल केटल शेड के नाम से राशि उठाई जा रही है जो की मौके पर बने भी नहीं है।

## सार-समाचार

### प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश

**राजसमंद,** (निसं)। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला कलक्टर डॉ. भंवरलाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने बिजली, पानी, सडक सहित विभिन्न विषयों पर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर भूमि आवंटन से जुडे मामलों में कोई भी समस्या होने पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं संबंधित एसडीओ से चर्चा कर निस्तारण करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सिर्फ जिला स्तरीय जनसुनवाई ही नहीं बल्कि ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में भी विभागों के अधिकारी.कर्मचारी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें ताकि समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके। इसी प्रकार से विद्युत विभाग को आरओ प्लांट में विद्युत कनेक्शन की समस्याओं को हल करने एवं पीएचईडी को राजकीय कार्यालयों में नल से जल उपलब्ध कराने के आ रही कठिनाइयों को दूर करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में किए गए उत्कृष्ट कार्य पर सभी अधिकारियों को बधाई दी और कहा कि आगे भी निरंतर इसी तरह कार्य करते रहें। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल जैन ने जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में आए मुद्दों पर नवीनतम प्रगति भिजवाने हेतु सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक को ई.मित्र केंद्रों के निरीक्षण एवं राजकीय सेवाओं की ई.मित्रों के माध्यम से नियमानुसार पहुंच को लेकर निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के फॉलो अप शिविरों में भी अधिकारी आवश्यक रूप से जाए और वंचित लोगों को योजनाओं से जोडे। साथ ही उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### कलक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने अधिकारियों को विभागीय कार्य जिम्मेदारी के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर संबंधी के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वे विभागीय कार्यो, योजनाओं व गतिविधियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। जिला कलक्टर यादव ने जनसुनवाई व रात्रि चौपाल में प्राप्त परिवाद की जांच कर त्वरित गति से निस्तारण कर गुणवत्ता के साथ जवाब देते हुए प्रार्थी को राहत पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रकरणों के निस्तारण के बाद ऑनलाईन अपडेट करें साथ ही बैठक में रिपोर्ट लेकर आएं। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल को नियमित रूप से प्रतिदिन दो-तीन बार ऑनलाइन देखते रहने एवं बैठक में पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे अपने अधीन हैण्डपम्पों की सर्वे कर वस्तुस्थिति से अवगत करवाएं। अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल ने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित रिपोर्ट साथ में लाने सहित जनसुनवाई में लंबित प्रकरण, पेयजल आपूर्ति एवं ठाीष्मकालीन आकस्मिक योजना, घरेलु और कृषि बिजली आपूर्ति, एसजेईडी पेंशन एवं पालनहार वार्षिक सत्यापन की स्थिति तथा फील्ड कार्यालयों के आकस्मिक निरीक्षण पर की गई कार्य रिपोर्ट आदि पर चर्चा कर समीक्षा की। बैठक में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### बोडीगामा बडा सरपंच निलंबित

**डूंगरपुर,** (निसं)। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग ने साबला पंचायत समिति के बोडीगामा बडा पंचायत के सरपंच रमण मीणा को निलंबित कर दिया है। चार महीने पहले सरपंच को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथो एसीबी ने गिरफ्तार किया था। निलंबन के बाद वे अब पंचायत के किसी भी काम को नहीं कर सकेंगे।साबला पंचायत समिति के ग्राम पंचायत बोडीगामा बडा के सरपंच रमण मीणा को 4 अक्टूबर 2023 को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकडा था। पंचायत के देवीलाल मीणा ने एसीबी को शिकायत देकर बताया था कि सरपंच रमण मीणा दीतिया तालाब और जलारिया तालाब की स्वीकृति देने की एवज में रिश्वत की मांग कर रहा है। एसीबी ने रिश्वत की पुष्टि करने के बाद ट्रेप की कार्रवाई की थी। इसके बाद एसीबी ने आरोपी सरपंच रमण मीणा को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था। एसीबी ने सरपंच के खिलाफ आरोप पत्र भी पेश किया। इसके बाद पंचायतीराज विभाग के अतिरिक्त आयुक्त और शासन उपसचिव ने एक आदेश जारी कर सरपंच रमण मीणा को निलंबित कर दिया है।

### कार पलटी, हादसे में तस्कर की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। सलूम्बर जिले की सीमा पर अवैध डोडा चूरा से भरी एक कार बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में कार ड्राइवर तस्कर की मौत हो गई। झल्लारा थाना पुलिस ने कार और डोडा चूरा को जब्त कर लिया है। वहीं शव को मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस घटना को लेकर जांच में जुटी है। सलूम्बर जिले के झल्लारा थाने के थानाधिकारी रामेंग पाटीदार ने बताया की सोमवार सुबह आसपुर पुल के पास एक कार के बेकाबू होकर पलटने की सुचना मिली थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को कार के अंदर एक व्यक्ति मृत मिला। शव को कार से बाहर निकालकर मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। तलाशी के दौरान कार से डोडा चूरा से भरे हुए 4 कट्टे मिले। कार और डोडा चूरा को जब्त कर लिया गया है।

### नो-फ्लाइंग जोन घोषित

डूंगरपुर, (निसं)। महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के 14 फरवरी को प्रस्तावित बेणेश्वर धाम यात्रा कार्यक्रम के दौरान वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए बेणेश्वर धाम साबला में हेलीपेड, सभा स्थल को नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के आदेशानुसार इस क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से किसी भी प्रकार के ड्रोन आदि को उडाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

# फर्जी नर्सिंग इंस्टीट्यूट खोलकर धोखाधड़ी के मामले में तीन पकड़े

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के सीमलवाडा कस्बे में परिष्कार ग्रुप के माध्यम से फर्जी नर्सिंग इंस्टीट्यूट खोलकर छात्रों के साथ धोखाधडी करने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी केशव पिता रामकृष्ण रोत 20 साल निवासी भीण्डा थाना चौरासी एव दिलीप पिता लक्ष्मण डामोर 20 साल निवासी भेमई थाना चितरी ने उपस्थित थाना पर लिखित रिपोर्ट 20 अप्रेल-22 को इस आशय की पेश की कि परिष्कार ग्रुप द्वारा सीमलवाडा में विद्यर्थियो को नर्सिंग करवाने हेतु एक फर्जी सेन्टर खोलकर दिग्पालसिंह व उसके साथी संजय यादव, प्रितेश आमलिया, गोविन्द कटारा व कमलेश द्वारा सीमलवाडा व उसके आस पास गांव में पेम्पलेट व पोस्टर के माध्यम से प्रचार प्रसार किया तथा आस पास के विद्यार्थियो को परिष्कार ग्रुप के नर्सिंग के लिए लाईसेंस होना बताया तथा विद्यार्थियो को नर्सिंग करवाने के नाम पर प्रवेश देकर उनसे रुपये ऐठ लिये। सभी विद्यार्थीयो को 50 हजार रुपये से लेकर 90 हजार तक सालाना रुपये में नर्सिंग करवाने का आश्वासन देकर धोखाधडी कर फर्जी नर्सिंग करवाने का सेन्टर सीमलवाडा में चलवाया तथा 20 अप्रेल 22 से परिष्कार सेन्टर सभी लोग सेन्टर बंद कर भाग गये तथा मोबाईल भी बन्द कर दिया। परिष्कार ग्रुप द्वारा सीमलवाडा व उसके आस पास के गांवो के विद्यार्थीयो के साथ नर्सिंग करवाने के नाम पर प्रवेश दिला कर उनसे रुपये व उनके मूल दस्तावेज हडप लिये है। जिस पर धम्बोला पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्त दिग्पालसिंह पिता प्रतापसिंह सिसोदिया निवासी झिझणी कला थाना झल्लारा जिला उदयपुर को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया तथा शेष वांछित अभियुक्तगण प्रितेष आमलिया निवासी जुडा थाना रामसागडा, गोविन्द कटारा निवासी पंचमहुंडी थाना सामसागडा, संजय पुत्र मणीलाल यादव निवासी रामसोर बडाथाना धम्बोला की सरगर्मी से तलाश प्रारंभ कर दी,लेकिन कही पता नहीं चल सका। पुलिस ने टीम का गठन कर शेष वांछित अभियुक्त प्रितेष आमलीया निवासी जुडा थाना रामसागडा, गोविन्द कटारा निवासी पंचमहुडी थाना सामसागडा, संजय यादव निवासी रामसोर बडा थाना धम्बोला को बाद तलाश डिटेन कर थाने पर लाया गया जहां पूछताछ में तीनो अभियुक्तगणों के खिलाफ जुर्म प्रमाणित पाया जाने से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से तीनों को न्याययिक अभिरक्षा में भेज दिया।



धम्बोला पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में तीन आरोपियों को दबोचा।

### राष्ट्रपति के दौरे को लेकर बैठक

**बांसवाड़ा,** (निसं)। आगामी 14 फरवरी को राष्ट्रपति के बेणेश्वर धाम दौरे को लेकर संभागीय आयुक्त ने बेणेश्वर में सम्भाग के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर दौरे से पूर्व सरकार द्वारा संचालित राजीविका योजना की स्टॉल, लखपति दीदी योजना आगंतुक महिलाओं और जनता की बैठक व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही वाल्मीकि आश्रम, कृष्ण मंदिर, हेलीपेड और राष्ट्रपति के मिनट टु मिनट कार्यक्रम, व्यवस्था प्रोटोकॉल की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये।

उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधिया मंच, व्यवस्था सुरक्षा प्रोटोकॉल व्यवस्थाओं का भौतिक निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद डॉ पवन ने 14 से 17 फरवरी तक होने वाले माही महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेकर संबंधितों को निर्देश दिए। उन्होंने शहर के प्रमुख चौराहो की मरम्मत को लेकर गोद लेने वाली संस्थाओं के साथ समन्वय बिठाकर दुरस्त करवाने और पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को सडक़ों की मरम्मत के साथ साथ कैट आई रिफ्लेक्टर सडक़ो की मार्किंग, झाडिय़ों की कटिंग, रॉड शोल्डर की व्यवस्था आदि कार्यो को लेकर पाबंद किया। साथ ही जल संसाधन अभियंता को टापुओं की गिनती एवं चिन्हीकरण करवाने के निर्देश दिये। इसके बाद माही महोत्सव की अंतिम तैयारियों को लेकर कलक्टर ने बैठक और उसमें लिए गए निर्णयों से संभागीय आयुक्त को अवगत कराया।

# जिला कलक्टर ने उपचार व व्यवस्थाओं का लिया फीडबैक



जिला कलेक्टर ने केलवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

**राजसमंद,** (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. भंवरलाल जिले में निरंतर राजकीय कार्यालयों और चिकित्सालयों का निरीक्षण कर आमजन तक राजकीय सेवाओं की उत्तम पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं।सोमवार सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर जिला कलक्टर ने केलवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने यहां मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली।

उन्होंने यहां ओपीडी और आईपीडी में आए मरीजों से बात करके अस्पताल के उपचार और व्यवस्थाओं पर विस्तृत फीडबैक लिया। साथ ही चिकित्सकों से बात कर यहां मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या, स्टाफ की स्थिति आदि को लेकर पूछा। साथ ही यहां दवाइयों की उपलब्धता, निशुल्क दवा काउंटर पर दवा वितरण की स्थिति, अस्पताल में उपलब्ध जांचों की स्थिति, प्रसूताओं को दी जा रही सुविधाएं आदि को लेकर चिकित्सकों से बात की। अस्पताल की साफ. सफाई पर जिला कलेक्टर ने संतुष्टि जाहिर कर इसे बरकरार रखने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों को निर्देशित कर कहा कि सरकार की मंशा अनुरूप मरीजों को निरंतर उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते रहें। इसके बाद जिला कलेक्टर ने डीएमएफटी फंड से यहां निर्माणाधीन राजकीय आवासों का भी निरीक्षण किया और काम की गुणवत्ता देख दिशा निर्देश दिए। अंत में जिला कलेक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करते रहे एवं मरीजों को किसी भी प्रकार से परेशानी का सामना न करना पडे।



मैं एक ऐसा लड़का रहा हूं, जिसने स्कूलिंग से पहले ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। आज इतने लंबे सफ़र को अलविदा कहना थोड़ा मुश्किल ज़रूर है लेकिन मुझे यह भी पता है कि इस फ़ैसले का यह बिल्कुल सही समय है। – सौरभ तिवारी

झारखंड की रणजी टीम के खिलाड़ी, अंतर्राष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **सुमित नागल**



**भारत** के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को 23 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार एटीपी एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में प्रवेश किया। रविवार को चेन्नई ओपन चैलेंजर में मिली जीत से नागल ताजा जारी एकल रैंकिंग में 98वें स्थान पर पहुंच गये जिसमें शीर्ष पर सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच काबिज हैं। पिछले महीने नागल ग्रैंडस्लैम में 35 साल में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर उलटफेर किया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## सिंधु और पुरुष टीम पर फोकस : बीएटीसी में खिताब जीतना चाहेगा भारत



नई दिल्ली, 12 फरवरी। भारत अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बूते बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) का खिताब जीतने की कोशिश करेगा जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की चोट से वापसी होगी। भारतीय पुरुष टीम ने 2022 में थॉमस कप जीता और पिछले साल के एशियाई खेलों में पहला रजत पदक हासिल किया था। थॉमस कप चैम्पियन भारत अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बूते बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) का खिताब जीतने की कोशिश करेगा जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की चोट से वापसी होगी। भारतीय पुरुष टीम ने 2022 में थॉमस कप जीता और पिछले साल के एशियाई खेलों में पहला रजत पदक हासिल किया था।

टीम की कोशिश इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल तक पहुंचने की होगी जिसमें उसने 2016 और 2018 में कांस्य पदक जीता था। भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप ए के लीग मैच में मजबूत चीन और हांगकांग का सामना करना होगा जिससे यह उसके लिए इतना आसान नहीं होगा। एचएस प्रणय की अगुआई में भारत लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के साथ शीर्ष दो में जगह बनाकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की कोशिश करेगा। सिंधू के नेतृत्व वाली महिला टीम को ग्रुप 'डब्ल्यू' में सिर्फ चीन से भिड़ना है जो ग्रुप की दूसरी टीम है जिससे भारत ने नॉकआउट में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। लेकिन महिला टीम के लिए सफर मुश्किल भरा होगा जिसमें सिंधू और दो युगल जोड़ियां तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टोशामिल हैं। सिंधु के लिए यह टूर्नामेंट ज्यादा अहमियत रखता है क्योंकि वह पिछले साल अक्टूबर से खेल से बाहर हैं जिससे वह अपनी मैच फिटनेस देखना चाहेंगी और जरूरी आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगी। इस 28 साल की खिलाड़ी को फ्रेंच ओपन में घुटने में चोट लग गयी थी। फिटनेस हासिल करने के बाद वह बेंगलुरु में 'मेंटोर' प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग में जुटी थीं। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इससे 'रेस टूर द 2024 पेरिस ओलंपिक' के लिए महत्वपूर्ण क्वालीफिकेशन अंक मिलेंगे। ध्यान युवा और दूसरे दर्जे के भारतीय खिलाड़ियों पर भी लगा होगा जिसमें अस्मिता चालिहा, अनमोल खरब और तन्वी शर्मा शामिल हैं।

भारत बुधवार से अपने अभियान की शुरूआत करेगा जिसमें पुरुष टीम का सामना हांगकांग से होगा जबकि सिंधु एंड कंपनी की भिड़ंत चीन से होगी जिसमें ओलंपिक चैम्पियन चेन यु फेई अनुपस्थित होंगी। लेकिन दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी हान युए, दुनिया की नौंवे नंबर की वांग झि यि और दुनिया की 15वें नंबर की झांग यि मान भारत की चालिहा और खरब के लिए ज्यादा मजबूत साबित होंगी। हांगकांग की पुरुष टीम में दुनिया के 18वें और दुनिया के 22वें नंबर के दो मजबूत खिलाड़ी मौजूद हैं लेकिन उनके पास कोई अच्छी युगल जोड़ी नहीं है जिससे भारत के प्रतिद्वंद्वियों की बाधा पार करने की उम्मीद है।



## पुरुष एकल के टॉप 100 में शामिल हुए सुमित नागल

### ऐसा करने वाले 10वें भारतीय खिलाड़ी बने

नई दिल्ली, 12 फरवरी। सुमित नागल ने सोमवार को 23 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार एटीपी एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में प्रवेश किया। रविवार को चेन्नई ओपन चैलेंजर में मिली जीत से नागल ताजा जारी एकल रैंकिंग में 98वें स्थान पर पहुंच गये जिसमें शीर्ष पर सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच काबिज हैं।

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को 23 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार एटीपी एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में प्रवेश किया। रविवार को चेन्नई ओपन चैलेंजर में मिली जीत से नागल ताजा जारी एकल रैंकिंग में 98वें स्थान पर पहुंच गये जिसमें शीर्ष पर सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच काबिज हैं।

पिछले महीने नागल ग्रैंडस्लैम में 35 साल में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर उलटफेर किया था, हालांकि दूसरे दौर में वह चीन के जुनचेंग शांग से हार गये थे। 2019 में बायें हाथ के प्रजनेश गुणेश्वरन के शीर्ष 100 में पहुंचने के बाद बाद नागल शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय हैं।

नागल ने रविवार को चेन्नई में मिली जीत के बाद कहा, "मैं बहुत भावुक हूं। हर टेनिस खिलाड़ी का सपना कम से कम शीर्ष 100 में पहुंचना होता है। जैसा कि मैंने पहले कहा कि अपने देश के घरेलू दर्शकों के सामने यह मैच जीतना शानदार है, इसके लिए इससे बेहतर जगह नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा, "मुझे नहीं लगता कि इसे बयां करने के लिए शब्द थे। हर कोई रो रहा था। शब्द कम थे, आंसू ज्यादा। मैं अब भी बहुत भावुक हूं। पिछले साल मेरी रैंकिंग 500 थी, जिसके बाद मेरी सर्जरी हुई और वित्तीय सहयोग भी नहीं था तो पिछला साल काफी मुश्किल रहा। " उन्होंने कहा, "काफी उतार चढ़ाव हुए। मैं खुश हूं कि हर दिन आगे बढ़ने के लिए मुझे एक तरीका मिल गया।


## आइस हॉकी लाहुल स्पीति कप का हुआ आगाज

केलांग, 12 फरवरी। आइस हॉकी एसोसियेशन लाहुल स्पिति और रॉयल इन्फील्ड के संयुक्त तत्वाधान से आईस हॉकी कप 2024 और आईस स्पीड स्केटस का शुभांरभ सोमवार को आइस हॉकी रिंक काजा में किया गया। शून्य से नीचे 20 डिठाी सेल्सियस के तापमान में यहां पर ये टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है।

एडीसी राहु जैन ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि को थंका पेंटिग देकर सम्मानित किया। वहीं आईस हॉकी एसोसियेशन आफ लाहुल स्पिति और रॉयल इन्फील्ड की ओर से भी मुख्यातिथि को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर हिप्र राज्य वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये इस टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आना था लेकिन विधानसभा सत्र के चलते उन्होंने मुझे जाने के आदेश दिए। प्रदेश में जब से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार बनी है। प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। हमने 10 गारंटियां प्रदेश की जनता को दी थी जिनमें से दो गारंटियां पूरी कर ली गई है। इसके अलावा अन्य गारंटियां आगामी चार सालों के भीतर पूरी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्पिति की भूगौलिक परिस्थितियां यहां पर पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। हम स्पिति को इको टूरिज्म के तहत विकसित करेंगे ताकि यहां के लोगों को घर द्वार पर ही स्वरोजगार मिल सके। यहां की संस्कृति सदियों पुरानी है ।

## 24 साल की उम्र में इस दिग्गज एथलीट की मौत, बना चुका है वर्ल्ड रिकॉर्ड




नई दिल्ली, 12 फरवरी। एक सड़क दुर्घटना में मौजूदा मैराथन वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक केल्विन किप्टम और उनके कोच गेरवाइस हाकिजिमाना की मौत हो गई। जिसके बाद से ही पूरा खेल जगत शोक में डूब गया है। केल्विन को वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़े 5 महीने से भी कम समय हुआ था। केन्या के नैरोबी में एक सड़क दुर्घटना में मौजूदा मैराथन वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक केल्विन किप्टम और उनके कोच गेरवाइस हाकिजिमाना की मौत हो गई। जिसके बाद से ही पूरा खेल जगत शोक में डूब गया है। केल्विन को वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़े 5 महीने से भी कम समय हुआ था। उन्हें लेकर कहा जाता था कि वो खेल इतिहास में नया अध्याय जोड़ेंगे लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया। बता दें कि, केल्विन किप्टन ने पिछले साल शिकागो मैराथन में 2:01:35 के साथ मैराथन रिकॉर्ड तोड़ा था। जब एल्डोरेट में घातक दुर्घटना हुई तब वह गाड़ी चला रहे थे। केल्विन किप्टम ने अपना सफर अलग तरह से शुरू किया था। हाफ-मैराथन सर्किट से शुरुआत करते हुए उन्होंने 2022 में फुल मैराथन में अपना नाम बनाया। इसके साथ ही वालेंसिया मैराथन में डेब्यू पर रिकॉर्ड किए गए चौथे सबसे तेज समय के साथ दुनिया को चौंका दिया था। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने किपटुम की असामयिक मौत से एक सप्ताह पहले ही इस शानदार उपलब्धि की पुष्टी की गई थी।

केलविन किपटुम की सड़क दुर्घटना एल्डोरेट के रिफ्ट वैली शहर के पास हुई। ये क्षेत्र दुनिया के कुछ बेहतरीन दूरी धावकों के लिए जाना जाता है। केलविन टोयोटा प्रीमियो चला रहे थे, जहां अचानक उनका गाड़ी से नियंत्रण खो गया। उनकी गाड़ी सड़क से दूर हट गई और पेड़ से जा टकरा गई। इस घटना में किपटुम के अलावा उनके कोच रवांडा के गेरवीस हाकिजीमना की भी जान चली गई।

## चैम्पियन की तरह खेली वाटिका, रेंजर्स को पीटा

नयी दिल्ली 12 फरवरी। वाटिका एफसी ने दो गोलों से पिछड़ने के बाद चैंपियनों की तरह खेलते हुए रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब को 4 - 2 से हरा कर डीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए। सोमवार को यहां विनोद नगर स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेलते हुए गत विजेता टीम की शुरुआत हैरान करने वाली रही। रेलीगेशन से बचने के लिए जूझती रेंजर्स ने रोबिन दास द्वारा जमाए दो गोलों से बढ़ त बनाई। मध्यांतर तक पियूष भंडारी ने एक गोल उतार फैंका लेकिन दूसरा हाफ पूरी तरह वाटिका का रहा और नितेश शर्मा, गुरजिंदर कुमार और प्लेयर ऑफ द मैच निखिल गहलोत के शानदार गोलों से वाटिका ने महत्वपूर्ण अंक हासिल कर लिए।

तेज गति से खेले गए रोमांचक मैच में वाटिका की फार्म भले ही दूसरे हाफ में लौटी लेकिन पिछले दो तीन मुकाबलों में कमजोर प्रदर्शन करने वाली टीम यदि इसी रफ्तार से आगे बढ़ी तो खिताब पर फिर से कब्जा कर सकती है। जरूरत इस बात की है कि कोच कुलभूषण और सीनियर खिलाड़ी टीम के तेवरों को नियंत्रण में रखें। पियूष भंडारी, निखिल, गुरजिंदर, अक्षय थापा, मुकुल और गोलकीपर जगदीश का प्रदर्शन बेहतर रहा। आज की जीत से वाटिका फिर से खिताब के दावेदारों में शामिल हो गई है। लेकिन गढ़ वाल हीरोज और रॉयल रेंजर्स उसे कड़ी चुनौती दे रहे हैं। रेंजर्स पर खतरा बना हुआ है। तरुण संघा और अहबाब उसके साथ डेंजर जोन में हैं।

## इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से बाहर हुए राहुल

नई दिल्ली, 12 फरवरी। दरअसल, कहा जा रहा है कि केएल राहुल राजकोट टेस्ट के लिए फिट नहीं हैं। बोर्ड की मेडिकल टीम ने चयनकर्ताओं से कहा है कि राहुल के खेलने पर फैसला लेने के लिए उन्हें 1 हफ्ता और चाहिए, वह उनकी रिकवरी पर नजर बनाए हुए हैं।

भारत और इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले बड़ी खबर है कि, केएल राहुल बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने अंतिम तीन टेस्ट मैचों के लिए उन्हें भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया था लेकिन साथ ही साफ भी किया था कि उनका खेलना फिटनेस रिपोर्ट पर निर्भर करेगा। इंडियन एक्सप्रेस कि रिपोर्ट के अनुसार केएल राहुल राजकोट टेस्ट के लिए फिट नहीं हैं। बोर्ड की मेडिकल टीम ने चयनकर्ताओं से कहा है कि राहुल के खेलने पर फैसला लेने के लिए उन्हें 1 हफ्ता और चाहिए, वह उनकी रिकवरी पर नजर बनाए हुए हैं। साथ ही रिपोर्ट में बताया गया है कि बोर्ड ने केएल राहुल की जगह तीसरे टेस्ट के लिए कर्णाटक के ही बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को शामिल किया है। अजीत अगर हाल ही में रणजी का मैच देखने स्टेडियम पहुंचे थे, जहां देवदत्त ने 151 रनों की पारी खेली थी। बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल अच्छी फॉर्म में भी है।

बोर्ड मेडिकल टीम ने रविंद्र जडेजा को तीसरे टेस्ट के लिए फिट करार दे दिया है। रविंद्र जडेजा राजकोट में टीम इंडिया के साथ अभ्यास शुरू भी कर चुके हैं। जडेजा भी दूसरे टेस्ट से चोटिल होकर बाहर थे और एनसीए में रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे थे। भारत वर्सेस इंग्लैंड तीसरा टेस्ट राजकोट में 15 फरवरी से खेला जाएगा। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम का नाम इस मैच से पहले निरंजन शाह के नाम पर रखा जाएगा।

**राजधानी**

## प्रदेश को रेलवे फाटक मुक्त करने का रोडमैप बनाने पर हुई चर्चा



केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार शाम ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर बैठक की। इस दौरान दोनों उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी, मुख्य सचिव सुधांश पंत और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

- बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से मिलेगी प्रदेश के आर्थिक विकास को रफ्तार : मुख्यमंत्री

**जयपुर**, (का.सं.)। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार शाम ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर बैठक कर प्रदेश में राजमार्ग एवं सड़क तंत्र को बेहतर और मजबूत बनाने के बारे में चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार की मंशा राजस्थान को राजमार्गों और सड़कों के नेटवर्क के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में लाने की है, ताकि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से प्रदेश की आर्थिक और औद्योगिक विकास को रफ्तार मिल सके। इस पर केन्द्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि केन्द्र सरकार प्रदेश में मजबूत सड़क तंत्र के विकास के लिए हर प्रकार से मदद करेगी।

गडकरी द्वारा दिए गए सुझाव के अनुरूप रेलवे फाटकों पर आरओबी अथवा आरयूबी का निर्माण कर प्रदेश को रेलवे फाटक मुक्त बनाने का रोडमैप तैयार करने की दिशा में बैठक में विचार-विमर्श हुआ।

केन्द्रीय मंत्री द्वारा जयपुर रिंग रोड के द्वितीय चरण के लिए पांच हजार करोड़ रुपए की मंजूरी के घोषणा के बाद रिंग रोड के कार्य को शीघ्र ही अमलीजामा पहनाने के बारे में भी बैठक में निर्देश प्रदान किए गए।

प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और विस्तार, इलेक्ट्रिक बसों के संचालन, केन्द्रीय सड़क एवं आधारभूत ढांचा कोष के अंतर्गत सड़कों के नए प्रस्ताव भिजवाने और पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से रोपवे निर्माण की संभावनाओं के बारे में भी बैठक में चर्चा हुई। बैठक में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचन्द बैरवा, सांसद सी.पी.जोशी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (सार्वजनिक निर्माण) संदीप वर्मा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने गडकरी का साफा पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया एवं राममंदिर की प्रतिकृति भेंट की।

## राजेन्द्र सिंह प्रदेशाध्यक्ष व हरिमोहन महामंत्री

**जयपुर** (कासं)। भारतीय मजदूर संघ के त्रैवार्षिक अधिवेशन में हरिमोहन शर्मा को प्रदेश महामंत्री एवं राजेन्द्र सिंह डाबी को प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसी तरह हजारी लाल मीना को कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष लखन सिंह गुर्जर, मक्खन लाल काण्डा, महेंद्र जैन, कुशलाराम डउकिया एवं नारायण सिंह राजपुरोहित को चुना गया। विजय सिंह वाघेला को संयुक्त महामंत्री, प्रदेश मंत्री-यतेंद्र कुमार, विकास तिवारी, प्रमोद गिरी पार्वती, मोहन माली और कपिल मालव को चुना गया। वहीं संघ का कोषाध्यक्ष मुकेश सोलंकी को सर्वसम्मति से चुना गया। इससे पूर्व दूसरे दिन के प्रथम सत्र में महामंत्री प्रतिवेदन, आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। वहीं दूसरा सत्र महिला कार्य को समर्पित रहा। जिसमें मुख्यवक्ता बहन वंदना वजीरानी, चित्तौड़ प्रांत कार्यवाहिका, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रही। उन्होंने कहाकि महिलाओं को देश बदलना है, हम भारत का नारी हैं और हमें अपने देश को विश्वगुरू बनाने की ओर अग्रसर होना है।

## भाजपा किसान मोर्चा की "ग्राम परिक्रमा यात्रा" का आगाज

- पार्टी के संगठनात्मक 44 जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए लाखों किसान
- राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वर्चुअली किया यात्रा का शुभारंभ

**जयपुर**। केंद्र व राज्य सरकार के विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी, किसान मोर्चा का देशव्यापी "ग्राम परिक्रमा यात्रा" अभियान का प्रदेश में शुभारंभ हो गया। एक महीने तक चलने वाली इस यात्रा का प्रदेशव्यापी शुभारंभ भाजपा के संगठनात्मक सभी 44 जिलों में हुआ। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी अजमेर देहात के मसूदा विधानसभा क्षेत्र के गांव खरवा में आयोजित में कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस दौरान मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, अजमेर देहात के जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा आदि मौजूद रहे। इसी तरह जयपुर शहर में मानसरोवर के मांग्यावास में कार्यक्रम हुआ। अभियान के जिला संयोजक प्रदीप सामोता ने बताया कि इस दौरान सांसद रामचरण बोहरा, मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओपी यादव, सांसद राजेंद्र गहलोत, उप महापौर पुनीत कर्नावट, जयपुर देहात दक्षिण में आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी मोतीलाल मीणा, विधायक रामावतार बैरवा व यात्रा के जिला संयोजक बलवीर सिंह जाबड़ मौजूद रहे। इसी तरह जयपुर देहात उत्तर का कार्यक्रम शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के गांव शिवसिंहपुरा में हुआ। इसमें किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री गुडडु सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, संभाग प्रभारी बलराम डूम, जिला उपाध्यक्ष रतना कुमारी आदि शामिल रहे।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओपी यादव ने बताया कि उतरप्रदेश के शुक्रताल में मुख्य कार्यक्रम हुआ। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर वर्चुअली शामिल हुए। इस उदघाटन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देशभर में हुआ। इसी तरह प्रदेश के संगठनात्मक 44 जिलों में लाइव प्रसारण हुआ, जिसमें लाखों लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा के भाषण को सुना। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किसान-मजदूर तक केंद्र की मोदी सरकार की किसान हितैषी गारंटी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यात्रा का शुभारंभ गाय, हल, ट्रैक्टर व अन्य कृषि यंत्रों का पूजन करके किया गया। किसान चौपाल में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए किसानों-मजदूरों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प पत्र हेतु सुझाव व उनकी आकांक्षाएं जानी जाएंगी।

## मीडियाकर्मी ने कहा कि बम ब्लास्ट की जिम्मेदारी का ईमेल उन्हें मिला था

**जयपुर**, (का.सं.)। शहर में 13 मई, 2008 को हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के बीच जिंदा मिले बम के मामले में स्पेशल कोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के मुख्य गवाह मीडियाकर्मी प्रशांत टंडन के बयान दर्ज हुए।

टंडन ने अपने बयानों में कहा कि 13 मई 2008 को जयपुर बम ब्लास्ट के बाद 14 मई को आतंकवादी संगठन इंडियन मुजाहिदीन ने ब्लास्ट की जिम्मेदारी लेने के लिए इंडिया टीवी ईमेल किया था। यह ईमेल मिलने के बाद उन्होंने उसे तत्कालीन एडीजी क्राइम एके जैन को भेजा था। बयान के बाद आरोपियों के अधिवक्ता मिनाजउल हक ने टंडन से जिरह की। विशेष लोक अभियोजक श्रवण कुमार ने बताया कि एटीएस ने प्रशांत टंडन व तत्कालीन एडीजी जैन को गवाही के लिए बुलाने के लिए कोर्ट में अर्जी दायर की थी। कोर्ट से एटीएस की अर्जी मंजूर होने के बाद ही टंडन को गवाही के लिए बुलाया है। इस मामले में अभियोजन के करीब 120 गवाह हैं और इनमें से आधे से ज्यादा गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं।

दरअसल जयपुर बम ब्लास्ट के मुख्य केस में हाईकोर्ट की ओर से चार आरोपियों को दोषमुक्त करने के फैसले के बाद एटीएस जयपुर बम ब्लास्ट से जुड़े जिंदा बम प्रकरण को गंभीरता से ले रही है। एटीएस ने 2008 में जयपुर के अलावा दिल्ली के बाटला हाउस व करोल बाग व गुजरात में हुए बम ब्लास्ट की एफआईआर सहित अन्य दस्तावेजों को भी कोर्ट में पेश किया है। इसके अलावा एटीएस ने दिल्ली के चांदनी चौक से मोहम्मद सैफ द्वारा जयपुर बम ब्लास्ट के लिए छर्रे खरीदने के लिए उपयोग की गई आईडी को भी पेश किया है।




*केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने प्रधानमंत्री गति शक्ति परियोजना के तहत प्रदेश की 17 हाईवे एवं सड़क निर्माण परियोजनाओं का उदयपुर में शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस मौके पर गडकरी ने उदयपुर के संदर्भ में कहा कि, उदयपुर में विकास की अपार संभावनायें हैं तथा इन परियोजनाओं से विशेषतः उदयपुर के एक्सपोर्ट उद्योग को और गति मिलेगी। गडकरी ने अपने संबोधन के दौरान जयपुर से दिल्ली के बीच इलैक्ट्रिक हाईवे बनाने की भी घोषणा की। इलैक्ट्रिक हाईवे के संदर्भ में उन्होंने कहा कि, यह देश में इस प्रकार का पहला हाईवे होगा। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी संबोधित किया।*

# जयपुर-दिल्ली के बीच शीघ्र बनेगा इलैक्ट्रिक हाईवे: केन्द्रीय मंत्री गडकरी

## गडकरी जी से जितनी बार मिलते हैं, कार्य के साथ नये आइडिया भी मिलते है-भजन लाल शर्मा

- **केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजस्थान में 2500 करोड़ की 17 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।**
- **उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा, पिछली सरकार ने कुछ नहीं किया, केवल और केवल राजनीति की है।**

उदयपुर, 12 फरवरी (कासं)। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को राजस्थान में विभिन्न सड़क परियोजनाओं की सौगात देते हुए ऐलान किया कि, जयपुर-दिल्ली के बीच शीघ्र इलेक्ट्रिक हाईवे बनेगा। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे के साथ ही यह इलेक्ट्रिक हाईवे एक नई लेन पर बनाया जाएगा। जयपुर से दिल्ली के बीच देश में ई-हाइवे का यह पहला प्रयोग होगा।

गडकरी सोमवार को उदयपुर में महाराणा प्रताप हवाई अड्डे के समीप एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी सहित विभिन्न जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गडकरी ने राजस्थान में 2500 करोड़ रुपये की लागत की 17 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इसके साथ ही, नितिन गडकरी ने जयपुर रिंगरोड के दूसरे चरण के लिए 5 हजार करोड़ की मंजूरी देने की घोषणा की है। रिंग रोड परियोजना के अंतर्गत 92 किलोमीटर के 6 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे का काम 3 महीने में प्रारम्भ किया जाएगा।

गडकरी ने कहा कि, उन्होंने पानी में उतरने वाले हवाई जहाज की संकल्पना की थी और साबरमती में इसे साकार किया। उन्होंने कहा कि, राजस्थान पर्यटन शहर है और यहां झीलें भी हैं। यहां भी पर्यटन की दृष्टि से पानी में भी उतर सकने वाले हवाई जहाज चलाने पर विचार किया जा सकता है, एयरपोर्ट के साथ रिवर पोर्ट पर भी विचार किया जा सकता है। उन्होंने अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी के कहे गए वाक्य का उदाहरण देते हुए कहा कि, जहां भी रोड नेटवर्क विकसित होता है, वहां नया शहर बसता है। उन्होंने उदयपुर के नए बाईपास को लेकर कहा कि, इससे उदयपुर में एक्सपोर्ट की सुविधा बढ़ेगी, जिससे उद्योगों को लाभ होगा और नए रोजगार सृजित होंगे।

गडकरी ने यह भी कहा कि, हम रोड नेटवर्क बना रहे हैं लेकिन इसके साथ हमें फ्यूल ट्रांसफॉर्मेशन पर भी सोचना होगा। पेट्रोल-डीज़ल से हटकर बायो फ्यूल व वैकल्पिक फ्यूल की तरफ बढ़ना होगा। उन्होंने ई-हाइवे की अवधारणा पर कहा कि, ऊपर से गुजरती इलेक्ट्रिक लाइन से तीन बसों जितनी लम्बी बस जुड़ी हुई होगी। इन बसों का सफर यात्रियों को हवाई जहाज के सफर का अहसास कराएगा। इसका किराया भी तुलनात्मक रूप से कम होगा।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री गडकरी का स्वागत करते हुए कहा कि, वे उनसे जितनी बार मिलते हैं, कार्य के साथ नए आइडिया भी मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि, उदयपुर शक्ति और भक्ति की भी नगरी है। पर्यटन की दृष्टि से यह क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण है और इसे राजस्थान का कश्मीर कहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, राजस्थान में 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आपने जो काम किए हैं, वे ऐतिहासिक हैं। जो भी हमने मांगा गडकरी ने दिल खोलकर दिया है। उन्होंने कहा कि, राजस्थान में डबल इंजन की सरकार रोड नेटवर्क के साथ अन्य जरूरतों की दिशा में भी कार्य कर रही है।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि, हमने बजट में भी पीडब्ल्यूडी से राजस्थान को बहुत सडकें दी हैं। उन्होंने कहा कि, पिछली सरकार ने कुछ नहीं किया केवल और केवल राजनीति की है। दीया कुमारी ने गडकरी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि, आप महाराष्ट्र के नहीं राजस्थान के ही हैं, आपने राजस्थान को बहुत कुछ दिया है।

# बिहार के विधानसभाध्यक्ष अविश्वास प्रस्ताव में हारे, पद छोड़ना पड़ा

## अवध बिहारी चौधरी के पक्ष में 112 तथा विपक्ष में 125 वोट पड़े

- **भाजपा ने सबसे पहले विधानसभाध्यक्ष को हटाने का प्रस्ताव पेश किया।**
- **आर.जे.डी. के 3 विधायकों ने भी भाजपा के पक्ष में ही विधानसभाध्यक्ष को हटाने के पक्ष में वोटिंग की।**

पटना, 12 फरवरी। बिहार विधानसभा में सोमवार को विधानसभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी को अविश्वास प्रस्ताव के दौरान 125 के मुकाबले 112 मत से हार जाने के कारण पद से हटा दिया गया।

विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राज्यपाल के अभिभाषण की समाप्ति के बाद जब विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई तब सभा अध्यक्ष को हटाने के लिए भाजपा के नंदकिशोर यादव ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। सभा अध्यक्ष ने नियम के तहत सदस्यों से पूछा कि, कितने सदस्य अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव का समर्थन करते हैं। इस पर 38 से अधिक सदस्यों ने खड़े होकर इसका समर्थन किया। इसके बाद सभाध्यक्ष ने कहा कि, सदन में उन्हें पद से हटाने का प्रस्ताव स्वीकृत हो गया है इसलिए वह अब आसन खाली कर रहे हैं। सभाध्यक्ष के आसन खाली करने के बाद उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने आसन ग्रहण किया।

इसके बाद सभाध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई । चर्चा के बाद मतदान कराया गया, जिसमें प्रस्ताव के समर्थन में 125 और विरोध में 112 मत पड़े। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तीन विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रहलाद यादव ने सत्ता पक्ष के साथ मिलकर प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया।

# सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्रीय राज्य मंत्री के बेटे मिश्रा की जमानत की मोहलत और बढ़ाई

नयी दिल्ली, 12 फरवरी । उच्चतम न्यायालय ने लखीमपुर खीरी हिंसा के बाद कई आंदोलनकारी किसानों सहित आठ लोगों की हत्या के आरोपियों में शामिल केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को दी गई अंतरिम जमानत सोमवार को अगली सुनवाई तक बढ़ा दी।

शीर्ष अदालत ने इससे पहले 26 सितंबर 2023 को आशीष को अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए और अपनी बेटी का इलाज कराने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में रहने की अनुमति दी थी।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने तीन अक्टूबर 2021 को हुई इस घटना के मामले में निचली अदालत से एक प्रगति रिपोर्ट लेने का निर्देश शीर्ष अदालत रजिस्ट्री को दिया। उच्चतम न्यायालय ने गत वर्ष 11 जुलाई को आशीष की अंतरिम जमानत की अवधि 26 सितंबर तक बढ़ा दी थी।

## उत्तर पूर्वी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

नेताओं के एक प्रतिनिधिमण्डल के साथ, उनकी मांगों को लेकर एक मीटिंग करने वाली हैं।

हरियाणा में प्रशासन ने किसान मार्च को फेल करने के लिए अंबाला, जिंद, कुरुक्षेत्र और सिरसा में कई स्थानों पर, पंजाब से लगती हुई राज्य की सीमाओं को कंकरीट के ब्लॉक्स, लोहे की कीलों और कंटीले तारों से सुरक्षित किया है।

हरियाणा सरकार ने भी सी.आर.पी.सी. की धारा 144 के तहत 15 जिलों में निषेधाज्ञा लागू की है, जिसमें पांच या उससे अधिक लोग एक स्थान पर जमा नहीं हो सकेंगे। इसके साथ ही ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ किसी भी तरह के प्रदर्शन व मार्च पर प्रतिबंध लगाया है।

## पश्चिमी उत्तर...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

संयुक्त "रोड शो' में भी हिस्सा लेंगे। यद्यपि, यह स्पष्ट नहीं है कि अखिलेश यादव 21 फरवरी को रायबरेली में यात्रा से जुड़ेंगे या एक दिन पहले अमेठी से यात्रा में शामिल होंगे।

कांग्रेस के यात्रा में शामिल होने के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आशा है कि यात्रा राज्य में प्रवेश करते समय, "पिछड़ा, दलित, आदिवासी" रणनीति से जुड़ेगी तथा "सामाजिक न्याय और आपसी सद्भाव के लिए अपने आंदोलन को आगे बढ़ाएगी।

# किसानों की हर गतिविधि पर ड्रोन एवं सी.सी.टी.वी. कैमरों से नज़र रखी जायेगी

## दिल्ली बॉर्डर पर अर्द्ध सैनिक बलों एवं हरियाणा पुलिस की 114 कंपनियों को तैनात किया गया है

- **हरियाणा के कई जिलों में धारा 144 लगाई गई है।**
- **अंबाला से होते हुये दिल्ली-चंडीगढ़ हाइवे को बंद कर दिया गया है।**
- **किसानों के दिल्ली मार्च के मद्देनज़र पंजाब और दिल्ली के सभी मार्गों पर कीलें लगा दी गई हैं तथा कंटीले तारों की बाड़ लगाकर उन्हें बंद कर दिया गया है।**

चंडीगढ़ , 12 फरवरी। किसानों के मंगलवार के दिल्ली कूच के मद्देनजर हरियाणा पुलिस ने प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन की सुरक्षा के लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम करने का दावा सोमवार को किया।

पुलिस के जारी बयान के अनुसार प्रदेश में 114 कंपनियों की अलग-अलग जिलों में तैनाती की गई है इनमें से 64 कंपनियां अर्ध सैनिक बलों तथा 50 कंपनियां हरियाणा पुलिस की शामिल है। ये सभी कंपनियां दंगा प्रतिरोधी उपकरणों के साथ प्रदेश के सीमावर्ती जिलों तथा संवेदनशील जिलों में तैनात है। इसके अलावा उपद्रवियों तथा शरारती तत्वों पर ड्रोन, सी.सी.टी.वी. कैमरे आदि के माध्यम से नजर रखी जा रही है।प्रदेश के कई जिलों में धारा 144 लगाई गई है।

इसके अलावा अंबाला होते हुए चंडीगढ़ -दिल्ली हाइवे बंद कर दिया है और चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को पंचकूला, बरवाला, साहा, शाहबाद, कुरूक्षेत्र के रास्ते अथवा पंचकूला, बरवाला, यमुनानगर (एनएच-344) , लाडवा, इंद्री, करनाल होते हुए दिल्ली पहुँचने की ऐडवायजरी जारी की है।

पंजाब के साथ लगी सीमाएं सील होने के कारण पंजाब जाने वाले यात्रियों को रेल मार्ग का इस्तेमाल करने की अपील की गई है।

इस बीच सिरसा से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक किसानों के मंगलवार को 'दिल्ली कूच' को लेकर पुलिस व प्रशासन पूरा मुस्तैद है। पुलिस व अद्धसैनिक बल के जवान हरियाणा पंजाब को जोडऩे वाले मार्गों पर बैरीकेट और किलें लगाकर डटे हुए हैं। इंटरनेट सेवाएं बाधित होने से किसानों की तैयारियों का पूरा खुलासा नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी ओर किसानों ने सोमवार को सिरसा जिला के विभिन्न गावों में ट्रैक्टर मार्च निकालकर किसानों व ग्रामीणों को दिल्ली जाने के लिए निमंत्रण दिया।

सिरसा से पंजाब के दूसरे जिलों व राजधानी चंडीगढ़ से आज भी सड़कों के जरिये संपर्क टूटा रहा। पुलिस अधीक्षक प्रशांत भूषण व जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सरहद पर लगाए गए नाकों को निरीक्षण किया व अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक प्रशात भूषण ने बताया कि, डबवाली-सिरसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर डबवाली की ओर से आने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट करते हुए गांव पन्नीवाला मोटा से भागसर, खारियां, रानियां तथा ओटू से मल्लेकां, माधोसिगाना, मोडिया खेड़ा से होकर नाथूसरी चोपटा की ओर निकाला जा रहा है ताकि वे आगे अपने गंतव्य स्थान तक आसानी से पहुंच सके। इसके अलावा पनीवाला मोटा तथा डबवाली की ओर से आने वाले वाहनों को जाने के लिए पंजुआना से शेखुपुरिया ,जोधपुरिया, धोतड़ , ओटू , मौजदीन, मल्लेकां व माधोसिंघाना से होते हुए नाथूसरी चोपटा की ओर निकाला जाएगा।

## लोकसभा चुनाव नहीं ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

है, लेकिन, अपने पुत्र राहुल को पार्टी के नेता के रूप में स्थापित करने की उनकी इच्छा के कारण, कांग्रेस पार्टी में धीरे-धीरे भारी अव्यवस्था पैदा हो गई है और परिणाम यह हुआ है कि, अयोग्य नेता सलाहकार बनकर उभरे हैं जो रूप से दिखाई दे रहा है। वरिष्ठ नेता लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर रहे हैं और इस से पुरानी पार्टी की गिरती संभावनाओं को सोनिया गाँधी से बेहतर कौन बता सकता है।

सोनिया गाँधी इस पर विचार और पुनर्विचार करें।

- **इधर एक वर्ग का यह भी कहना है कि, लोकसभा चुनाव लड़ने के निर्देश से डरे वरिष्ठ नेता सोनिया के नाम पर खुद को बचाना चाहते हैं, वे ही सोनिया के राज्यसभा जाने की खबर चला रहे हैं।**

राजनीतिक चाटूकार अधिक हैं।

यह दिलचस्प है कि चाटूकार नेताओं द्वारा एक सुनियोजित अभियान चलाया गया था उन्होंने ही हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक राज्य इकाइयों ने सोनिया गाँधी को, उनके राज्यों से राज्यसभा सदस्य बनने के लिए प्रस्ताव पारित करवाना सुनिश्चित किया। सोनिया गाँधी के राजस्थान से भी राज्यसभा सदस्य बनने की चर्चा है।

कांग्रेस पार्टी का पतन अब स्पष्ट

पिछले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने केवल रायबरेली से चुनाव जीता था। राहुल गाँधी परिवार के पुराने गढ़, अमेठी क्षेत्र से चुनाव हार गये थे।

इस बार सोनिया गाँधी अगर राज्यसभा में जाने का निर्णय लेती है तो कांग्रेस को सबसे अधिक आबादी वाले उत्तर प्रदेश से कोई भी सीट नहीं (शून्य) मिलने की आशंका है।

यह कांग्रेस के ताबूत में आखिरी कील हो सकती है।

## अशोक चव्हाण ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रमुख नेताओं मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी और उल्हास पाटिल सहित कई प्रमुख नेता पार्टी छोड़कर भाजपा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल हो गए।

सूत्रों के मुताबिक, चव्हाण वर्तमान विधायकों समेत कुछ बड़े नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही पूरे महाराष्ट्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आशीष शेलार भाजपा कार्यालय पहुंच गए हैं। इस बीच महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। इस मामले में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि, ये कांग्रेस पार्टी की कांग्रेस की अंदरुनी कलह की वजह से हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, कांग्रेस की अंदरुनी कलह की वजह से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने इस्तीफा दिया है। यदि भाजपा में कोई आना चाहता है तो उसका स्वागत है। चंद्रशेखर बावनकुले ने आगे कहा कि, मैं पहले कह चुका हूं, महाराष्ट्र कि कांग्रेस पार्टी में अंदरुनी बहुत कलह है। यह कलह इतनी ज्यादा है कि देवड़ा जी चले गए, बाबा सिद्दीकी चले गए, आज अशोक चव्हाण ने रिजाइन कर दिया।

# शुभेन्दु और भाजपा के 5 विधायकों का विधानसभा से निलंबन

- **प. बंगाल विधानसभा के स्पीकर बिमान बंदोपाध्याय ने उन्हें शेष बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया।**

कोलकाता, 12 फरवरी। पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंद्योपाध्याय ने सोमवार को विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पांच अन्य विधायकों को शेष बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भाजपा के विधानमंडल सदस्यों ने जब सदन में प्रवेश किया तो उनकी कमीज पर लाल स्याही से लिखा हुआ था कि वे संदेशखाली के साथ हैं।

इसके बाद स्पीकर ने दंडात्मक कार्यवाही की। संदेशखाली उत्तर 24 परगना का एक क्षेत्र है जहां गांव के लोगों, विशेष रूप से महिलाओं ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेताओं के खिलाफ आंदोलन शुरू किया है। इन नेताओं में पांच जनवरी से फरार शाहजहां शेख भी शामिल है।

जब विधानसभा अध्यक्ष ने ऐसी कमीज पहनने पर आपत्ति जताई, तो भाजपा सदस्यों ने नारेबाजी की। अध्यक्ष द्वारा भाजपा विधायकों को निलंबित करने की घोषणा के बाद शुभेन्दुअधिकारी ने बहिर्गमन का नेतृत्व किया और निषेधाज्ञा लागू करने तथा राज्य पुलिस और 'तृणमूल के गुंडों' द्वारा संदेशखाली के ग्रामीणों पर कथित अत्याचार की निंदा करते हुए नारे लगाए।

## 'उपमुख्यमंत्री ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

का पद अन्य मंत्रियों के जैसा है।

याचिका की सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने कहा कि, "यह केवल एक लेबल है। भले ही उन्हें उपमुख्यमंत्री का पदनाम दिया गया हो, वे हैं तो एक एम.एल.ए. ही हैं।" वे पद के अनुसार उच्च वेतन प्राप्त नहीं करते हैं। वे भी दूसरे सदस्यों की तरह ही है, हो सकता है उन्हें थोड़ा अधिक वरिष्ठ समझा जाता है हो अन्यों की तुलना में। यह टिप्पणी तीन न्यायाधीशों की पीठ की अध्यक्षता कर रहे मुख्य न्यायाधीश ने की।

याचिकाकर्ता ने बैंच में तर्क दिया जिसमें न्यायाधीश जे.बी. पारदीवाला व मनोज मिश्रा भी थे, ने कहा कि यहां सवाल सैलरी को लेकर नहीं है। याचिकाकर्ता ने यह भी दलील दी कि वो ऐसा करके अन्य सरकारी प्राधिकारियों के लिए भी गलत उदाहरण स्थापित कर रहे हैं।'

## तृणमूल के खिलाफ महिलाओं....

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उन्हें रात में बुलाते थे।

अगर वे उनकी बात नहीं मानती थीं तो उनके पतियों को पीटा जाता था। क्षेत्र की एक महिला ने स्थानीय टीवी चैनल पर स्वीकार किया कि उन्हें अपने गांव छोड़कर कलकत्ता व अन्य जगहों पर जाना पड़ा।

महिलाओं के नेतृत्व में असंतोष बढ़ता जा रहा है और आंदोलन का रुप ले रहा है। हिंसा बढ़ गई है आरोपियों के घरों व सम्पतियों को जलाया जा रहा है। इन घटनाओं के बाद राज्य पुलिस हरकत में आई और कई गांववालों को हिंसा के आरोप में गिरफ्तार कर लिया हालांकि इनमें से अधिकांश को अदालत ने रिहा कर दिया।

क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ क्षेत्र के भाजपा नेता विक्रम सिन्हा को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। वो अभी जेल में हैं, माकपा के एक पूर्व विधायक को भी गिरफ्तार किया।

अजीब बात है कि राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जो गृहमंत्री भी है, ने हिंसा करने वालों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए पर फरार नेताओं की गिरफ्तारी पर एक भी शब्द नहीं कहा।

गांव की महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया और आरोपियों के घरों में आग लगा दी। पर दोनों तृणमूल नेता शेख शाहजहां और शिबू हाजरा फरार हैं और तीसरा उत्तम सरदार पकड़ा गया है।

गुस्साई भीड़ ने शिबू के पोल्ट्री फार्म में आग लगा दी और उसका घर भी जला दिया। स्थानीय दुकानदारों ने तृणमूल कार्यकर्ताओं द्वारा हफ्ता वसूली किए जाने की शिकायत की।

राज्यपाल ए.वी. आनंदा बोस ने सोमवार को गांवों का दौरा किया और त्वरित कार्यवाही की मांग की।

विपक्ष के नेता सुभेन्द्र अधिकारी को इन गांवों का दौरा करने से रोका गया तो उन्होंने अपने लोगों के साथ सड़कों पर धरना दिया।

राज्य महिला आयोग की टीम ने क्षेत्र का दौरा किया स्थानीय महिलाओं ने अपनी पीड़ा और नाराज़गी उन्हें बताई। पूरे राज्य में भाजपा और माकपा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

## मदन राठौड़ व चुन्नीलाल...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दिया तो उन्होंने सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरने की तैयारी थी। हालांकि पार्टी की मान-मनुहार के बाद वे मान गए और नाम वापस ले लिया। बताया जा रहा है कि, इसी का परिणाम रहा कि उन्हें राज्यसभा में भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि, भाजपा में वो लंबे समय से संगठन में काम रह रहे हैं। चुन्नीलाल गरासिया राजस्थान सरकार में मंत्री और संगठन में कई पदों पर रहे हैं। इसके साथ वे भाजपा एसटी मोर्चे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। गरासिया वर्तमान में भाजपा में प्रदेश उपाध्यक्ष हैं।

राजस्थान से 10 राज्यसभा सांसद चुने जाते हैं। वर्तमान में 6 सीटों पर कांग्रेस और 3 पर भाजपा के सांसद काबिज हैं। एक सीट खाली चल रही है। नोटिफिकेशन के अनुसार, 15 फरवरी तक नामांकन दाखिल करने के अगले दिन 16 फरवरी को स्क्रूटनी होगी। इसके बाद प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो जाएगी। 27 फरवरी को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। फिर 27 फरवरी की शाम 5 बजे मतगणना होगी और परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने भाजपा के दोनों राज्यसभा उम्मीदवारों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लिखा कि, भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की ओर से राजस्थान में होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए चुन्नीलाल गरासिया और मदन राठौड़ को उम्मीदवार बनाने पर शुभकामनाएं।

## 7 नए...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जबकि, अधिवक्ता प्रवीण खंडेलवाल व बंसीलाल भाटी को जोधपुर स्थित हाई कोर्ट की मुख्य पीठ के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ता बनाया गया है। राज्य सरकार इससे पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद को महाधिवक्ता नियुक्त कर चुकी है।

## नीतीश ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पर तंज कसते हुए कहा, "आप बिहार के किसी भी बच्चे से पूछ लीजिए कि क्या वह नीतीश जी पर भरोसा करता है। मैं उन शब्दों को यहां नहीं कह सकता जो वे उनके इस्तेमाल करेंगे।" वर्ष 2013 से अब तक कुमार ने पांच बार गठबंधन बदले हैं और पांचों बार मुख्यमंत्री रहते हुए। तेजस्वी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की "गारंटी" के आश्वासन पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा, "क्या मोदी जी इस बात की गारंटी लेंगे कि अब नीतीश जी पुनः गठबंधन नहीं बदलेंगे।" यादव परिवार के 34 वर्षीय वंशज ने घोषणा करते हुए कहा, "जब समय आयेगा तब तेजस्वी यहां आएगा। यह भी कहा, "हम थके हारे लोगों को नहीं चाहते परन्तु हम मजबूरियों को समझते हैं।"

# कतर की जेल में बंद सभी 8 पूर्व नौसैनिक रिहा हुये

## इन आठ में से सात नौसैनिक भारत वापस आ गए हैं

- **इसे भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है, कतर में इन पूर्व नौसैनिकों को जासूसी के आरोप मे गिरफ्तार किया गया था, तथा पिछले साल इन्हें फांसी की सजा सुनाई गई थी।**
- **सूत्रों के मुताबिक भारत सरकार ने इस मामले में बेहद संजीदा कदम उठाये और इन नौसैनिको की पैरवी करने में कोई कसर नहीं रखी, इसी कारण यह मुमकिन हुआ है।**

कतर, 12 फरवरी। कतर की जेल में बंद 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को रिहा कर दिया गया है, ये वही पूर्व सैनिक हैं जिन्हें कतर की एक अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। लेकिन भारत की कूटनीतिक दखल के बाद कतर ने सजा को माफ कर दिया। आठ में सात पूर्व नौसैनिक भारत पहुंच भी चुके हैं। कतर के इस फैसले का भारत के विदेश मंत्रालय ने स्वागत किया है। इस मामले में भारत सरकार की कूटनीति की खूब तारीफ हो रही है।

गौरतलब है कि, कुछ दिन पहले लोकसभा में ए.आई.एम.आई.एम. चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने सरकार को चैलेंज करते हुए कहा था कि, कतर में फंसे सैनिकों को वापस लाकर दिखाइए। किसे मालूम था कि सरकार अंदरखाने ऐसी रणनीति बनाएगी कि हमारे पूर्व नौसैनिकों को कतर वापस भेज देगा।

कतर के इस फैसले का भारत के विदेश मंत्रालय ने स्वागत किया है। बीते तीन माह पूर्व कतर की अदालत ने इन आठ पूर्व नौसैनिकों को फांसी की सजा सुनाई थी। लेकिन भारत के कूटनीतिक प्रयासो की बदौलत कुछ दिनों के बाद सैनिकों की सजा को माफ कर दिया गया। दरअसल भारत और कतर के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। दोनों देशों के बीच मजबूत व्यापारिक संबंध हैं। ऐसे में भारत ने शुरू से ही इस मामले को लेकर कतर से बातचीत जारी रखी। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल दिसंबर में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्द अल-थानी से दुबई में हुए सीओपी 28 सम्मेलन से इतर मुलाकात की थी। इस मीटिंग में पीएम मोदी ने पूर्व भारतीय नौसैनिकों की रिहाई के मसले पर बात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी इस मीटिंग का जिक्र करते हुए ये बताया कि दोनों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को लेकर एक अच्छी वार्ता हुई।

गौर करने की बात ये भी है कि पूर्व नौसैनिकों की रिहाई उस समय हुई है, जब पिछले सप्ताह ही दोनों देशों के बीच एक अहम समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत भारत कतर से लिक्विफाइड नेचुरल गैस खरीदेगा। ये डील अगले 20 सालों के लिए हुई है और इसकी लागत 78 अरब डॉलर है। भारत की पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (पीएलएल) कंपनी ने कतर की सरकारी कंपनी कतर एनर्जी के साथ ये करार किया है। इस समझौते के तहत कतर हर साल भारत को 7.5 मिलियन टन गैस निर्यात करेगा। इस गैस से भारत में बिजली, उर्वरक और सीएनजी बनाई जाएगी।

कतर में आठ भारतीय पूर्व नौसैनिकों को सजा सुनाने की बात की पुष्टि होते ही भारत का विदेश मंत्रालय इस मसले को सुलझाने में लग गया। कतर में भारत के पूर्व राजदूत दीपक मित्तल वहां की सरकार से सजा खारिज करने के लिए चर्चा में जुट गए। कतर में भारत सरकार का पक्ष रखने में मित्तल की बड़ी भूमिका रही, वो कतर में मार्च तक भारतीय राजदूत के रूप में काम कर रहे थे। एक तरफ जहां सरकार कतर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक रणनीतियों को अंजाम दे रही थी, तो वहीं दूसरी तरफ घरेलू स्तर पर भी काम कर रही थी।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908